कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 306, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 02 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट







**पहले चरण में 59.24 फीसदी वोटिंग, पिछली बार से 10 फीसदी कम वोटिंग, सौराष्ट्र 42% पर सिमटा**

# गुजरात: प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद

**अहमदाबाद:** गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग शाम 5 बजे पूरी हो गई। इस तरह 19 जिलों की 89 सीटों के लिए मैदान में उतरे 788 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है। पहले चरण में करीब 59 फीसदी से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। हालांकि, अंतिम आंकड़े आने अभी बाकी हैं। क्योंकि, मतदान कैंपस के अंदर मौजूद मतदाताओं की वोटिंग जारी है।

**सौराष्ट्र में दक्षिण गुजरात के मुकाबले 14 फीसदी कम वोटिंग:** सौराष्ट्र-कच्छ में सिर्फ 42 फीसदी मतदान हुआ। वहीं, दक्षिण गुजरात में 56 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई है। इस तरह सौराष्ट्र में दक्षिण गुजरात के मुकाबले 14 फीसदी कम वोटिंग हुई है। यहां के 12 जिलों में सिर्फ मोरबी में ही 53.75% वोट पड़े हैं। बाकी के अन्य जिलों में अब तक 50% से भी कम वोटिंग हुई है। इस तरह पाटीदार क्षेत्र में कम मतदान ने कैंडिडेट्स को असमंजस में डाल दिया है।

**पिछली बार ज्यादा वोटिंग वाली सीटों पर हुआ था कांग्रेस को फायदा:** वहीं, अब पिछले चुनाव (2017) की बात करें तो इन सीटों पर कुल 67.23% वोट पड़े थे। इस दौरान जिन सीटों पर 70 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई थी, उनमें से ज्यादातर सीटें कांग्रेस के खाते में गई थी। हालांकि वोट प्रतिशत में भाजपा ज्यादा पीछे नहीं थी।

**70 फीसदी से ज्यादा मतदान वाली 27 सीटों में 14 कांग्रेस और 11 बीजेपी ने जीती थी:** 2017 के चुनाव में कपराडा, नीजर, मांडवी (एसटी), व्यारा, वांसदा, नंदोद, सोमनाथ, वंकानेर, टंकारा, जसदण, डांग्स, मोरबी, जंबुसर, तलाला में कांग्रेस प्रत्याशियों को जीत मिली थी। वहीं, भाजपा ने जेतपुर (राजकोट), अंकलेश्वर, मांडवी, नवसारी, जलालपोर, धरमपुर, मंगरोल (एसटी), महुवा (एसटी), वागरा, गनदेवी, बरदोली सीटों पर अपना परचम लहराया था। वहीं अन्य दो सीटें डेडीआपाडा और झगडिया भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) के खाते में गई थीं।

**इस बार 788 उम्मीदवार मैदान में:** राज्य के 19 जिलों में आने वाली इन सीटों पर 788 उम्मीदवार मैदान में हैं। पहले फेज में दो करोड़ से ज्यादा वोटर्स को अपने मत का इस्तेमाल करना था।

**पहले फेज की सात सीटों पर आप का असर**



पहले फेज की कुल 89 सीटों में से छह से सात सीटें ऐसी हैं, जहां केजरीवाल की आम आदमी पार्टी यानी आप का असर है। इनमें से छह सीटें सूरत जिले की हैं। वहीं, एक सीट द्वारका जिले में है। द्वारका की खंभालिया सीट से आप के सीएम कैंडिडेट ईशुदान गढ़वी मैदान में हैं।

**पुल हादसे से चर्चा में आई मोरबी में वोटिंग**

पुल हादसे के चलते चर्चा में आए मोरबी जिले की तीन सीटों मोरबी, टंकारा और वांकानेर पर वोटिंग हुई। इन सीटों पर चुनावी हार-जीत का आंकड़ा देखें, तो 1962 से लेकर अब तक छह बार भाजपा और पांच बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। दो बार निर्दलीय कैंडिडेट जीते हैं। पिछले चुनाव यानी 2017 की बात करें तो पाटीदार प्रभावित मोरबी सीट पर कांग्रेस के टिकट पर जीतने वाले ब्रजेश मेरजा ने पार्टी बदल ली थी। इसके बाद उन्होंने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। हालांकि, इस बार भाजपा ने ब्रजेश मेरजा को टिकिट नहीं दिया है और ब्रिज हादसे में लोगों की जान बचाने वाले कांतिलाल अमृतिया को चुनाव मैदान में उतारा है।

## मोदी की सीट राजकोट पर भी हुआ मतदान

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की सीट राजकोट पश्चिम पर भी पहले फेज में वोटिंग हो रही है। मोदी ने 2002 में राजकोट पश्चिम से चुनाव लड़ा था। तब वे 14 हजार वोट से जीते थे। 2002 के बाद दो बार भाजपा से वजुभाई वाला और एक बार विजय रूपानी इस सीट से चुनाव जीत चुके हैं। लोहाना, ब्राह्मण, पाटीदार और जैन समाज के असर वाली इस सीट पर 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने डॉ. दर्शिता शाह को उतारा है।

## अग्निवीरों को कॉर्पोरेट कंपनियां देंगी अलग से आरक्षण

**नई दिल्ली:** अग्निपथ योजना के तहत सेनाओं में चार साल की सेवा देने के बाद अग्निवीरों को कॉर्पोरेट कंपनियों में अलग से आरक्षण मिलेगा। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने भारतीय रक्षा उद्योग के साथ बातचीत की है, ताकि कॉर्पोरेट भर्ती योजना के तहत पूर्व अग्निवीरों के लिए रोजगार के अवसर तलाशे जा सकें। हालांकि, इससे पहले ही सरकार ने रक्षा मंत्रालय से जुड़ी नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किया है, जिसमें भारतीय तटरक्षक बल समेत 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हैं। केंद्र सरकार ने तीनों सेनाओं में कमीशन अधिकारियों के पद से नीचे के सैनिकों की भर्ती के लिए 16 जून को 'अग्निपथ' योजना शुरू की है। इस योजना के तहत सेना में शामिल होने वाले जवानों को ह्यअग्निवीरह्ण के नाम से जाना



जाएगा। चार वर्ष की सेवा के पश्चात 25 प्रतिशत अग्निवीरों को उनकी कुशलता के आधार पर स्थाई किया जाएगा। स्थाई कैडर का हिस्सा बन जाने के पश्चात अग्निवीरों को बाकी जवानों की ही तरह पेंशन और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। चार साल बाद सेवा समाप्ति होने पर अग्निवीरों को उनकी कुशलता के मुताबिक स्किल सर्टिफिकेट दिया जाएगा, जो भविष्य में उनके लिए रोजगार के रास्ते खोलेगा। सरकार ने पहले से ही रक्षा मंत्रालय से जुड़ी नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किया है, जिसमें भारतीय तटरक्षक बल समेत 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हैं। इसके अलावा केंद्रीय और राज्य पुलिस बल में भी अग्निवीरों को तरजीह दिए जाने का प्रावधान किया गया है। अब रक्षा मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों के लिए रोजगार के अवसरों की तलाश के क्रम में सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के साथ बातचीत की है। भारतीय कंपनियों की कॉर्पोरेट भर्ती योजना के तहत बातचीत सत्र की अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने की। इस चर्चा में एलएंडटी, अदानी डिफेंस लिमिटेड, टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड, अशोक लेलैंड सहित अन्य प्रमुख भारतीय रक्षा उद्योगों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## फिर दिल्ली में जुटेंगे किसान

**नई दिल्ली:** किसान 19 दिसंबर को लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य की मांग को लेकर दिल्ली में जुटने वाले हैं। भारतीय किसान संघ ने गुरुवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान यह जानकारी दी। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि देश में खाद्यान की सुरक्षा के साथ किसानों की सुरक्षा भी अति आवश्यक है। किसानों ने भरपूर उत्पादन कर देश की खाद्यान सुरक्षा सुनिश्चित की है। लेकिन अभी तक किसान की हालत जस की तस है। भारतीय किसान संघ का नारा रहा है कि देश के हम भंडार भरेंगे लेकिन कीमत पूरी लेंगें आज देश खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बन चुका है।

## जी20 बड़ी जिम्मेदारी: जयशंकर



**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत बेहद महत्वपूर्ण समय पर जी20 की अध्यक्षता संभाल रहा है। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। कोविड के बाद दुनिया ईंधन, खाद्य और उर्वरक की कमी से दबाव में है और आतंकवाद, कालाधन और जलवायु परिवर्तन जैसी दीर्घकालीक चुनौती भी हमारे सामने है। भारत की स्पष्ट सोच है कि इन सबका मुकाबला लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करने से होगा। विदेश मंत्री ने गुरुवार को दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में आयोजित जी20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट - एंगेजिंग यंग माइंड्स कार्यक्रम में विश्वविद्यालयों के छात्रों से संवाद किया। जयशंकर ने कहा कि भारत को एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक मोड़ पर जी20 की अध्यक्षता मिली है। भारत कोविड के बाद खाद्य, उर्जा और समतामूलक स्वास्थ्य समाधान सहित तात्कालिक महत्व के विषयों पर जी20 देशों के बीच एकराय बनाकर समर्थन जुटाने का प्रयास करेगा। प्रधानमंत्री के कथन को उन्होंने दोहराया। जिसमें उन्होंने कहा था कि जी20 अध्यक्षता में भारत का एजेंडा समावेशी, महत्वकांक्षी, कार्योंमुखी और निर्णायक होगा।

उन्होंने कहा, भारत का काम केवल बात कहने तक ही सीमित नहीं होगा बल्कि सामूहिक कार्रवाई पर जोर दिया जाएगा। जयशंकर ने कहा कि जी20 में भारत वैश्विक साउथ की आवाज बनेगा। अफ्रीकी, एशियाई और लैटिन अमेरिकी देश भारत पर भरोसा करते हैं। मंच का इस्तेमाल कर विकसित और विकासशील देशों के बीच की खाई को पाटने का काम भारत करेगा। यूक्रेन संकट का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि इसके साथ ही यूक्रेन संकट का प्रभाव ईंधन, खाद्य और उर्वरक की उपलब्धता एवं वहनीयता संबंधी दबाव के रूप में सामने है।

## जीएसटी कलेक्शन में तेजी कायम

**नवंबर में 11 फीसद बढ़कर 1.46 लाख करोड़ रुपये हुआ जीएसटी संग्रह**




**नई दिल्ली:** उपभोक्ता खर्च बढ़ने से नवंबर में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 11 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.46 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह लगातार नौवां महीना है, जब राजस्व 1.4 लाख करोड़ रुपये से ऊपर बना हुआ है। हालांकि नवंबर में कलेक्शन अगस्त के बाद सबसे कम रहा। अक्टूबर में त्योहारी सीजन के चलते जीएसटी संग्रह 1.52 लाख करोड़ रुपये के दूसरे उच्चतम स्तर को छू गया था। नवंबर 2022 में सकल जीएसटी राजस्व 1,45,867 करोड़ रुपये रहा, जिसमें केंद्रीय जीएसटी 25,681 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 32,651 करोड़ रुपये, एकीकृत जीएसटी 77,103 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्र 38,635 करोड़ रुपये सहित) है। उपकर से वसूल की गई जीएसटी 10,433 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्रित 817 करोड़ रुपये सहित) है।

## डिजी यात्रा का हुआ शुभारंभ

**नई दिल्ली:** **केंद्रीय** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को देश के तीन हवाई अड्डों नई दिल्ली, वाराणसी और बेंगलुरु के लिए इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, नई दिल्ली से डिजी यात्रा का शुभारंभ किया। डिजी यात्रा चेहरा पहचाने की प्रौद्योगिकी पर आधारित है। इसका मकसद हवाई अड्डों पर यात्रियों को संपर्क रहित, निर्बाध यात्रा देना है। डिजी यात्रा परियोजना नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत डिजी यात्रा फाउंडेशन की ओर से तैयार की गई है । इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इसका मकसद यात्री हवाई अड्डों पर विभिन्न चेक पॉइंट्स से कागज




रहित और संपर्क रहित प्रक्रिया के माध्यम से पहचान स्थापित करना है। इसे बोर्डिंग पास से जोड़ा जा सकता है। डिजी यात्रा के साथ, भारत अब लंदन में हीथ्रो और अमेरिका में अटलांटा जैसे विश्व स्तरीय हवाई अड्डों की श्रेणी में खड़ा होगा। इस सुविधा का उपयोग करने के लिए डिजी यात्रा ऐप पर एक बार पंजीकरण करना होगा। इसमें आधार आधारित सत्यापन और एक स्व-छवि कैप्चर का उपयोग होगा। इससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी और उनकी यात्रा आसान होगी। परियोजना में गोपनीयता पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस पर मंत्री ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य सूचना (पीआईआई) को किसी एक जगह पर इक्कठा नहीं किया जा रहा है। यात्री की आईडी और यात्रा क्रेडेंशियल यात्री के स्मार्टफोन में ही सुरक्षित वॉलेट में जमा होते हैं। अपलोड किया गया डेटा ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग करेगा और उपयोग के 24 घंटे के भीतर सर्वर से सभी डेटा को हटा दिया जाएगा। डिजी यात्रा के लाभों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने दुबई हवाईअड्डे का उदाहरण दिया।

**श्रद्धा मर्डर केस: आफताब का हुआ नार्को टेस्ट**

## बताया श्रद्धा का मोबाइल और कपड़े कहां फेंके

**नई दिल्ली:** श्रद्धा मर्डर केस के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला का नार्को टेस्ट खत्म हो गया है। फोरेंसिक साइंस लैब के असिस्टेंट डायरेक्टर संजीव गुप्ता ने बताया कि आफताब ने पॉलीग्राफ टेस्ट के बाद नार्को टेस्ट में भी श्रद्धा की हत्या की बात कबूल की है। रिपोर्ट्स के अनुसार उसने श्रद्धा के मोबाइल और कपड़े कहां फेंके हैं, इसकी भी जानकारी दी है। दिल्ली पुलिस सुबह 8.40 बजे आफताब को लेकर रोहिणी के बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल पहुंची, जहां टेस्ट से पहले उसकी सामान्य जांच की गई। अधिकारियों के मुताबिक नार्को टेस्ट 10 बजे शुरू हुआ और करीब 2 घंटे बाद खत्म हो



गया। अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक आफताब ने टेस्ट में पूछे गए ज्यादातर सवालों के जवाब अंग्रेजी में दिए। संजीव गुप्ता ने बताया कि नार्को टेस्ट के दौरान फोरेंसिक लैब रोहिणी के साइकोलॉजिस्ट, फोटो एक्सपर्ट और अंबेडकर अस्पताल के डॉक्टर मौजूद रहे।

**ब्रेन मैपिंग भी हो सकती है:** रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर नार्को टेस्ट बेनतीजा रहा तो पुलिस आफताब का ब्रेन मैपिंग टेस्ट करने की मांग भी कर सकती है।

**आफताब हर बात मान रहा, यहीं शक गहराया:** आफताब बहुत चालाक है और कभी भी मामले में नया मोड़ ला सकता है। अभी तक वह पुलिस की हर बात मान रहा है, जांच में सहयोग कर रहा है। यहां तक कि पॉलीग्राफ और नार्को टेस्ट के लिए भी राजी हो गया।

## भारतीय जवान गलती से पाक पहुंचा, वापस लौटाया

**अमृतसर:** पंजाब में भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल बॉर्डर पर तैनात बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) का एक जवान गुरुवार सुबह करीब 6:30 बजे गलती से जीरो लाइन पार कर पाकिस्तानी इलाके में पहुंच गया। घने कोहरे के कारण जवान से यह गलती हो गई। पाकिस्तानी एरिया में पहुंचते ही इस जवान को पाक रेंजर्स ने गिरफ्तार कर लिया। लापता हुआ जवान बीएसएफ की 66 बटालियन से है। जैसे ही उसके बॉर्डर पार करने की सूचना मिली आला अधिकारी हरकत में आ गए। आनन-फानन में पाकिस्तानी रेंजर्स



के सीनियर अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने इस बात की पुष्टि कर दी कि बीएसएफ जवान उनके कब्जे में है। इसके बाद बीएसएफ अधिकारियों ने पाक रेंजर्स के साथ फ्लैग मीटिंग कॉल करके जवान को रिलीज करने के लिए कहा। शुरूआती ना-नुकर के बाद पाक रेंजर्स बीएसएफ जवान को छोड़ने के लिए तैयार हो गए।

# श्रीमद् भागवत कथा में बडी संख्या में जुटी भक्तों की भीड़

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** क्षेत्र के मधूकापूरा गांव में जन कल्याण हेतु चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा सुनने के लिए भक्त जनों की भीड़ जुट रही है। श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा सुनकर भक्त लोग आनंदित हो रहे हैं।

कथा के व्यासपीठ पर विराजमान पं चिंतामणि शुक्ल ने कथा के चौथे दिन बृहस्पतिवार को श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाकर भक्त श्रोता जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कृष्ण जन्मोत्सव के समय गाजे-बाजे के साथ खूब बधाइयां भी बजी। लोगों की ओर से पुष्प वर्षा भी हुई । महिलाओं की ओर से सोहर गीतों के गांयन भी हुए। इसके साथ ही साथ नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की मथुरा में जन्मे कन्हाई ब्रज में बाजे बधाई भए प्रगट कृपाला दीन दयाला आदि छंदों की प्रस्तुतिया भी लोगों की ओर से हुई । वही कलाकारों की ओर से बाल कृष्ण भगवान की सुंदर झांकी भी निकाली गई। इसके अलावा कथा व्यास की ओर से बाल कृष्ण भगवान के अद्भुत लीलाओं का गुणगान भी किया गया। वही सायं कालीन में बाल कृष्ण भगवान की सामूहिक रूप से आरती भी की गई । कथा के मुख्य श्रोता यजमान सेवानिवृत्त शिक्षक त्रिविक्रम त्रिपाठी की ओर से कथा व्यास सहित आचार्य लोगों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक राजशेखर त्रिपाठी व संयोजक विधुशेखर त्रिपाठी तथा व्यवस्थापक हरिकेश त्रिपाठी की ओर से सभी भक्त जनों के प्रति आभार भी जताया गया । इस मौके पर राघवेंद्र त्रिपाठी शशि नाथ त्रिपाठी इंद्रदेव त्रिपाठी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी मोहनलाल रामाश्रय शुक्ल माधवेंद्र नारायण मिश्र प्रधान अंतहिया रोहित सिंह विमल कुमार शर्मा जनार्दन त्रिपाठी पंकज त्रिपाठी अभय दुबे हृषीकेश त्रिपाठी विश्वनाथ प्रसाद शुक्ल श्री कृष्ण मिश्र अशोक कुमार मिश्र गंगेश्वर मिश्र हरिकेश त्रिपाठी रंजन त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

## जसरा में घर से बाल मेला के लिए निकले छात्र छत्तीसगढ़ में मिले

**जसरा/प्रयागराज।** जसरा के एक विद्यालय में आयोजित बाल मेले में सम्मिलित होने के लिए घर से निकले छात्र छत्तीसगढ़ में एक स्टेशन पर मिल गए। सूचना पाकर स्वजन छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो गए। जसरा स्थित ज्ञान भारती विद्या मंदिर में बुधवार को बाल मेले का आयोजन किय गया। जिसमें सम्मिलित होने के लिए स्कूल के दो छात्र बुंदावा गांव निवासी दीपांशु भारतीय 11 वर्ष पुत्र अखिलेश भारतीय व सुशील 10 वर्ष पुत्र सुभाष कुमार घर से अपने स्कूल के लिए निकले तो वह स्कूल न जाकर सीधे जसरा रेलवे स्टेशन पहुंच गए तथा वहां से टिकट कटाकर या बिना टीकट के ट्रेन से छत्तीसगढ़ पहुंच गए। छत्तीसगढ़ में जब टीटी की नजर दोनों नाबालिगों पर पड़ी तो टीटी द्वारा दोनों बच्चों से पूरी जानकारी लेने के बाद घर वालों को मोबाइल फोन से सूचित किया । जिसके बाद गुरुवार को दोनों छात्रों के स्वजन छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो गए। वही स्वजनों ने दोनों गायब बच्चों की लिखित तहरीर घूरपुर पुलिस को दे दी। वही बच्चों के मिलने की सूचना पर सभी ने राहत की सांस ली है।

# अनियंत्रित ट्रक ने कई दुकानों को किया क्षतिग्रस्त

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत सहसों गोल चौराहा से फाफामऊ मार्ग पर बीती रात सहसों स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर कई दुकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

कसेरुआ खुर्द गांव निवासी वीर प्रताप सिंह का मीठे की दुकान व लाल बहादुर ने पान की दुकान खोल रखे हैं। बुधवार की शाम को दुकान बंद कर दुकानदार अपने-अपने घर चले गए। रात में एक ट्रक अनियंत्रित होकर पान की दुकान तोड़ते हुए मीठा की दुकान का दीवार व काउंटर तोड़ दिया। इतना ही नहीं बीच में खड़ा बिजली का पोल भी टूट कर काफी दूर चला गया। दुकानदारों के अनुसार करीब डेढ़ से दो लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। ट्रक चालक अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गया। दुकानदारों का आरोप है कि घटना के समय बगल में ही सहसों गोल चौराहे पर पुलिस पिकेट पर पुलिस की ड्यूटी लगी हुई थी। उसके बाद भी ट्रक चालक घटना को अंजाम देने के बाद भी ट्रक सहित फरार हो गया।

# बेसहारा मवेशियों को किया गया संरक्षित

**अखंड भारत संदेश**



**सोरांव।** जिलाधिकारी प्रयागराज संजय खत्री के आदेश के अनुसार गुरुवार को बेसहारा मवेशियों की धरपकड़ सोरांव क्षेत्र में होती रही। इतना ही नहीं सोरांव ब्लाक के ग्राम पंचायत सोरांव में ग्राम प्रधान मोहम्मद शाहिद व ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार के नेतृत्व में सड़क पर टहल रहे लगभग दर्जनों बेसहारा मवेशियों को पकड़ कर अस्थाई गो आश्रय स्थल सोरांव में संरक्षित कर दिया गया। इतना ही नहीं वहां पर मौजूद गोपालक रोशन लाल द्वारा सभी को चारा और पानी भी समय से उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी ने आदेश भी दे दिया। इस मौके पर सहयोगी दौलत सिंह कोटेदार तथा सफाई कर्मी जंगीलाल,फूल चंद्र, अशोक कुमार तथा अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

# विद्यालय में हुआ बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** क्षेत्र के रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज के सभागार में गुरुवार को सीएचसी करछना की टीम के डॉक्टरों ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान बच्चों के लम्बाई,वजन सहित सामान्य शारीरिक परीक्षण किए गए। बच्चों की आंख,नाक कान की गतिविधियों संबंधी परीक्षण के दौरान डॉक्टरों ने बच्चों को नियमित साफ-सफाई रखने और किसी भी तरह की दिक्कत होने के बाद योग्य डॉक्टर से इलाज कराने के प्रति प्रेरित किया। डॉक्टरों ने बताया कि सामान्य स्थिति में भी अपनी शारीरिक जांच कराना बहुत जरूरी है। कमजोर नेत्र वाले बच्चों के लिए परीक्षण के उपरांत

चश्मे की भी व्यवस्था की जा रही है। इस मौके पर जांच टीम में डॉ. श्याम देव मिश्र, डॉ.अरशी फरीद, प्रतिभा कांत देववंशी ,रितु यादव संदीप मिश्रा, प्रभारी प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार, व्यवस्थापक एनसीसीअधिकारी रमेश चन्द्र तिवारी समेत विद्यालय के शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे।

## कार मांग कर ले गया युवक वापस नहीं आया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है

**मऊआइमा/प्रयागराज।** कार उधारी मांग कर ले गया युवक कई दिन गुजर जाने के बाद वापस न लौटने पर भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर खास थाना पडाव के बगल निवासी इंद्रजीत यादव पुत्र कृष्णकांत यादव की मऊआइमा थाना पड़ाव स्थित एक हॉस्पिटल है । आरोप है कि 28 नवम्बर की दोपहर अमित कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी देवरी हर्दोपट्टी कोतवाली कुंडा जनपद प्रतापगढ़ चार पहिया वाहन उधारी मांग कर ले गया। परन्तु विनोद कुमार आज तक वापस नहीं लौटा ।तथा अपना मोबाइल बंद कर लिया है। भुक्तभोगी इन्द्र जीत यादव ने मऊआइमा थाने में अमित कुमार के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# किसान की क्रय केंद्र प्रभारी ने की पिटाई

**अखंड भारत संदेश**



**जसरा/प्रयागराज।** सरकारी धान क्रय केंद्र प्रभारी द्वारा धान बेचने के लिए टोकन लेने गए किसान की क्रय केंद्र प्रभारी ने की पिटाई। क्रय केंद्र प्रभारी के द्वारा किसान से की गई इस अभद्रता के कारण क्षेत्रीय किसानों में दिखी नाराजगी। पीड़ित किसान के द्वारा क्रय केंद्र प्रभारी के विरुद्ध थाने में की गई लिखित शिकायत। बारा तहसील के अंतर्गत जसरा मंडी में संचालित खाद्य विभाग के धान क्रय केंद्र पर अपने तैयार धान को बेचने के लिए जहां अलग अलग गांवों के दर्जनों किसान टोकन लेने के लिए क्रय केंद्र पर पहुंचे। वही किसी बात पर मामूली बहस होने का क्रय केंद्र प्रभारी के द्वारा किसानों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए।

वही रेरा गांव के किसान रामनरेश को जहां क्रय केंद्र प्रभारी के द्वारा काफी मारा पीटा गया जिससे उन्हें कई जगह चोटें भी आई। वही पीड़ित किसान रामनरेश यादव पुत्र स्वर्गीय ननकऊ प्रसाद यादव के द्वारा जहां घूरपुर थाने में पहुंचकर धान क्रय केंद्र प्रभारी के नाम से लिखित तहरीर थाने में दी। किसान के द्वारा की गई शिकायत को ध्यान में रखते हुए थाना प्रभारी घूरपुर के द्वारा जहां तत्काल ही पुलिस टीम भेज करके पूरे प्रकरण की जांच पड़ताल करने का आदेश दिया गया। जबकि पीड़ित किसान रामनरेश के द्वारा बताया गया कि वह आज जब क्रय केंद्र पर टोकन लेने के लिए गए थे उसी समय तैश में आकर उक्त क्रय केंद्र प्रभारी के द्वारा उनसे गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। वही वहां पर मौजूद कुछ किसानों के द्वारा बीच-बचाव कर उन्हें बचाया गया।जिसको लेकर क्षेत्रीय किसानों में केंद्र प्रभारी के विरुद्ध गहरा आक्रोश व्याप्त है।

# जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार कर रहे लोग



**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/प्रयागराज।** जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार करने को मजबूर है लोग जिसके चलते एक अदद हादसे का भय बना हुआ है। बता दें कि मेजारोड रेलवे स्टेशन के दक्षिण साइड में गुड्स ट्रेनो के आवागमन के लिए बनाई गई पटरी के ऊपर फुट ओवरब्रिज का निर्माण अभी तक नहीं कराया गया है जिसके कारण मजबूरन लोगो को स्टेशन पहुंचने के रेलवे ट्रैक बाहर करना पड़। रहा यहां तक की रेलवे परिसर में भीख मांग कर आजीविका चलाने वाले दिव्यांग लोग भी लाठियों के सहारे रेलवे ट्रैक पार कर रहे जबकि उक्त रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों का आवागमन भी शुरू हो चुका है । वही देखा जाए तो स्कूली छात्र-छात्राएं भी रेलवे ट्रैक पार कर रही जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।



# अभिषेक तिवारी को एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** पिछले 1 महीने से प्रयागराज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में समन्वयक के रूप में अग्रणी भूमिका निभाने वाले अभिषेक तिवारी ₹टिंकू₹ निवासी जेवनियां मेजा को एडीजी प्रेम प्रकाश आईजी डाक्टर राकेश सिंह तथा एसएसपी शैलेश कुमार पांडे के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि पिछले एक महीने से चल रहे यातायात माह में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम मेंअभिषेक तिवारी टिंकू ने कार्यक्रम में समन्वयक के रूप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। उसी को लेकर उन्हें बुधवार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वैसे भी देखा जाए तो अभिषेक तिवारी के द्वारा पायदान के अंतिम पंक्ति में खड़े हर व्यक्ति पर उनकी निगाहें होती हैं । जन सरोकार की भावना पिरोए वह लोगों की मदद करने में कोई कोताही नहीं बरतते हैं, यह कोई एक बार की बात नहीं अनेकों ऐसे कार्यक्रम में अभिषेक ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है।

# नैनी लायंस क्लब प्रयागराज गौरव द्वारा विश्व एड्स दिवस मनाया गया

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी** विश्व एड्स दिवस पर लायंस क्लब प्रयागराज गौरव द्वारा डांडी नैनी के ग्राम तिगनौता स्कूल पर एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालय की छात्राओं एवं गांव की महिलाओं सहित आशा कार्यकत्रियों को एकत्रित किया गया इस आयोजन पर लायंस क्लब प्रयागराज गौरव के सचिव लायन डॉ रमेश चंद्र ने एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनिटी डिफिशिएंसी सिंड्रोम) की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए लोगों को बताया की एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनिटीडेफिशियेंसी वायरस जानलेवा है क्योंकि इसमें शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है फल स्वरूप मनुष्य का शरीर अनेक रोगों से ग्रसित होकर काल की गोद में समा जाता है इसका बचाव ही एकमात्र रास्ता है यह बीमारी साथ रहने साथ खाने या छूने से नहीं फैलती। यह यौन जनित रोग है जो संक्रमित रोगी से शारीरिक संबंध बनाने पर, समलैंगिकता एक से ज्यादा महिलाओं से यौन जनित संबंध रखने पर संक्रमित सुई इस्तेमाल करने पर, तथा संक्रमित ब्लड ट्रांसफ्यूजन करने पर ही फैलता है शुरूआत में यही रोग अफ्रीका में पाया गया जो बंदरों द्वारा संक्रमित हुआ और फिर समाज में फैलने लगा। भारत में 1988 से 1 दिसंबर को हर साल विश्व एड्स दिवस लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाने लगा इसलिए हमें अपने बच्चों को तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाना चाहिए इस अवसर पर लायंस क्लब प्रयागराज गौरव के सचिव डॉ रमेश चंद्र संयुक्त सचिव डॉ सूर्य नाथ प्रजापति सरिता पटेल आरती कामिनी एवं ब्लॉक की कम्युनिटी हेल्थ वर्कर पूनम सिंह सहित ग्रामीण महिलाएं आशा कार्यकर्ता सहित विद्यालय की बालिकाएं उपस्थित थी वहीं डॉ रमेश चंद्र ने सभी को समझाया बीमारी के बारे में किस तरीके से बीमारी फैलती है और कैसे बचाव करना है।

# पंचायत भवन का ताला तोड़कर इंवाईटर कंप्यूटर सहित लाखों की चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** पंचायत भवन की कुंडी काट कर चोरों ने कम्प्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अनेकों सामान चोरी कर ले गए। ग्राम प्रधान ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम विशानी उर्फ शिकोहाबाद में स्थित पंचायत भवन की कुंडी काट कर चोरो ने पंचायत भवन में रखे कम्प्यूटर एंव इन्वाइटर, इलैक्ट्रोनिक आदि सामानों सहित लाखों का सामान चोरी कर ले गए। ग्राम प्रधान शिवमूरत ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# नमामि गंगे में युवाओं की दो दिवसीय गंगादूत प्रशिक्षण सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज ।** नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय गंगा दूतो का प्रशिक्षण का आयोजन में मंदाकिनी ग्रामीण इंटर कॉलेज डांडी किया गया। प्रथम दिवस कार्यक्रम पर प्रधानचार्य राधेश्याम पटेल ने कहा गंगा भारतीय जनमानस की आस्था का जीवन्त प्रतीक है।

गंगा सदियों से हमारी सभ्यताझ्रसंस्कृति एवं आध्यात्मिकता का केन्द्र रही। इसके संरक्षण के लिए हम सबको आगे आना होगा। भारतीय वन्य जीव संस्थान के सामुदायिक अधिकारी के पी उपाध्याय ने गंगा के प्रदूषण, समस्या, और दुष्प्रभाव पर चर्चा की साथ ही जैव विविधता एवं उसके संरक्षण पर चर्चा की और बताया पानी में रहने वाले जीव-जन्तुओं की एक विशेषता यह है कि ये जल प्रदूषण को भी रोकते हैं।स्पीयर हेड लीडर कुलदीप ने गंगा किनारे के दूतों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अपने अपने गांव में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत जगरूकता कार्यक्रम चौपाल, गंगा आरती, श्रमदान स्वच्छता शपथ रैली इत्यादि जागरूकता कार्यक्रम के बारे में में अवगत कराया। ट्रेनर अनुज ने गंगा जलीय जैव विविधता का समुदाय आधारित संरक्षण पर चर्चा करी ' दूसरे दिवस राज्य प्रशिक्षक राम अवध कुशवाहा ने नेहरू युवा केंद्र संगठन के कार्यो, युवा मंडल गठन, के बारे में जानकारी दी और गंगा विषय पर सामूहिक गतिविधि द्वारा गंगा दूतो से चर्चा की।समापन मे अतिथि मंदाकिनी ग्रामीण इंटर कॉलेज डांडी के प्रधानचार्य राधेश्याम पटेल तथा अजय सिंह ने सभी गंगादूतों को बधाई दी तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ' कार्यक्रम मे गंगादूत राजन शर्मा युवा मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, स्वयंसेवक ,कुलदीप, का अहम योगदान रहा '

# जर्जर मकान को दोबारा निर्माण करा रही महिला को मारा पीटा गया मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** जर्जर मकान को गिरा कर उसी पर पक्का मकान का निर्माण कर रही महिला को मार पीट कर जख्मी कर दिया गया। पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बटहा निवासनीय जग्गी देवी पत्नी सालिक राम का आरोप है कि वह अपना कच्चा मकान गिरा कर दोबारा उसी पर पक्का मकान का निर्माण कर रही थी। आरोप है कि तभी उसके विपक्षी एक राय होकर मकान निर्माण को रोक कर मार पीट कर जख्मी कर दिए। जग्गी देवी ने मऊआइमा थाने में ओमप्रकाश, झगडू, शिवम ,दर्शन, पवन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# जागरूकता से कम हुए एड्स के मरीज : डीएम

## विश्व एड्स दिवस पर निकाली गयी जागरूकता रैली, शामिल हुए हजारों एनसीसी, नर्सिंग छात्राएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** विश्व एड्स दिवस के मौके पर गुरुवार को संगम नगरी प्रयागराज में जन जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर एड्स कंट्रोल सोसाइटी, एनसीसी कैटेड, स्कूली बच्चों,स्वास्थ्य कर्मियों और एनजीओ से जुड़े लोगों ने सुभाष चौराहे से लेकर हनुमान मंदिर तक जन जागरूकता रैली निकाली। हाथों में पोस्टर बैनर लेकर लोगों को जागरूक एड्स के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस बार मरीजों के प्रति समानता का भाव को लेकर जन जागरूकता रैली निकाली गई। इसका उद्देश्य है कि एड्स रोगियों के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए बल्कि उनको समाज में हर जगह समानता का अधिकार मिलना



चाहिए। डीएम संजय खत्री ने कहा कि एड्स के मरीजों को शिक्षा, नियोजन और रोजगार में समानता का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि एड्स रोगियों को भी भारत के नागरिकों को मिलने वाले सभी अधिकार मिले। डीएम संजय कुमार खत्री ने जागरूकता रैली में शामिल एनसीसी और विभिन्न नर्सिंग स्कूल की छात्राओं से एड्स जागरूकता पर बात करके उनको प्रोत्साहित किया।

सीएमओ डॉ नानक सरन ने कहा कि मरीजों को हर जगह समानता का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा है कि प्रयागराज जिले में एड्स के मरीजों में जागरूकता की वजह से लगातार कमी आई है। उनके मुताबिक 2019-20 में 774 के मरीज सामने आए थे। 2020-21 में 407 एड्स मरीज सामने आए, 2021-22 में 615 मरीज सामने आए थे। जबकि अप्रैल से अब तक 473 एड्स मरीज सामने आए हैं। सीएमओ ने कहा कि एड्स मरीजों की लगातार जांच हो रही है जिसकी वजह से एड्स मरीजों की संख्या में तेजी से कमी आ रही है।उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य / किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि महराज ने कहा कि एड्स जागरूकता ही बचाव है ऐसे में सभी लोगों को चाहिए कि वह स्वयं के साथ दूसरों को भी जागरुक करें जिससे कि इस भयंकर बीमारी से बच सके।

किन्नर अखाड़ा प्रयागराज की महामण्डलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि महराज ने कहा कि एड्स को लेकर व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान घर - घर चलाये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता बढी है लेकिन लोगों को अभी और जागरूक करना होगा जिससे कि समाज से इस बुराई का अंत हो सके। महामण्डलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि ने कहा कि जागरूकता के लिये बच्चे सबसे अच्छे और बेहतर है क्योंकि यह परिवार ,समाज और विधालय को जोडते है इससे लोगों में और जागरूकता बढती है। अंत में कई संस्थाओं की ओर से एड्स जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन सुभाष चौराहे पर किया गया। इस दौरान बडी संख्या में लोगों ने नुक्कड़ नाटक का जोरदार तालियों से स्वागत करते हुए कलाकारों को उत्साहित किया। रैली का आयोजन एवं संयोजन करते हुए डा रोहित पाण्डेय ने एड्स जागरूकता पर विस्तार से प्रकाश डाला।



# भूमि विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, वीडियो वायरल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के चकिया हिनौता गांव में भूमि विवाद को लेकर जमकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में बड़ी संख्या में लोग एक दूसरे पर लाठी डंडे और ईंट से हमला कर रहे हैं। इससे पूरे गांव में हड़कंप मचा रहा। महिलाओं और बुजुर्गों को भी दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान में पुलिस जुट गई है। हालांकि लोगों का कहना है कि यह वीडियो दो-तीन दिन पुराना बताया जा रहा है इसके पश्चात भी पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## विद्युत नगरीय निर्माण खण्ड की महिला लेखाकार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**प्रयागराज।** विद्युत नगरीय निर्माण खण्ड प्रथम में कार्यरत लेखाकार सुश्री मनीषा राजपूत के विरुद्ध थाना जार्ज टाउन में गुरुवार को धारा 147, 323, 504, 506 आईपीसी तथा 3 (2)(५) एससी/एसटी ऐक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक जांच शुरू कर दी गयी है।गौरतलब है कि कार्यकारी सहायक के पद पर तैनात जितेंद्र कुमार ने अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को 14 नवम्बर को शिकायती पत्र देकर अपने ही विभाग की महिला कर्मी द्वारा उत्पीड़न का आरोप लगाया था। मामले की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए एडीजी जोन प्रयागराज प्रेम प्रकाश ने उक्त प्रकरण की जांच क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज को सौपी थी। लगभग दो सप्ताह बाद जितेंद्र कुमार के शिकायती-पत्र के आधार पर आरोपी लेखाकार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर क्षेत्रधिकारी कर्नलगंज द्वारा कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।

# भूमाफियाओं ने किसान की भूमि हड़पी

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** हल्का लेखपाल की दबंगई इस कदर बढ़ी कि गरीबों की जमीन को भूमाफियाओं से मिलकर कब्जा करने का काम अब हल्का लेखपाल ही करने लगे। यह आरोप भी पीड़ित किसान के द्वारा लेखपाल पर लगाया गया।

अगर देखा जाये तो बारा तहसील क्षेत्र के जनवा ग्राम सभा के अभयपुर मजरे के रहने वाले पीड़ित किसान राजकिशोर ने बताया कि हल्का लेखपाल प्रभाकांत पाठक व राजस्व निरीक्षक प्राची देवी ने भूमाफिया देवराज पाठक से पैसे लेकर उनकी जमीन को जबरिया कब्जा करवा दिया गया।जब किसान के द्वारा विरोध किया गया तो



लाइसेंसी असलहे से धमकाते हुए जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित किसान ने बताया कि जब तहसील में शिकायत किया तो फरियाद सुनने वाला कोई नहीं था।इससे आजिज होकर मुकदमा दर्ज कराने पर जब डिग्री हुई तो भी जमीन पर कब्जा नहीं दिया जा रहा है।जबकि राजस्व निरीक्षक व हल्का लेखपाल द्वारा पीड़ित व्यक्ति पर ही शंकरगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।पीड़ित किसान द्वारा लगातार तहसील व जिले के आला अधिकारियों से गुहार लगायी गयी लेकिन कोई सुनने वाला नहीं मिला। इसी तरह एक अन्य महिला ने भी भूमाफियाओं द्वारा फर्जी बैनामा करा लेने की बात कही गई है।एसडीएम बारा ने कहा कि मामला सामने आया है, जाँच कर विधिक कार्यवाही की जायेगी, ताकि पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिल सके।

# हाईकोर्ट जज का अर्दली निलंबित, कमर में पेटीएम का क्यूआर कोड लगा वकीलों से लेता था बख्शीश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कमर में पेटीएम का क्यूआर कोड स्कैनर लगाकर वकीलों से ऑनलाइन बख्शीश लेने वाले हाईकोर्ट जज के अर्दली (जमादार) को मुख्य न्यायाधीश जस्टिस राजेश बिंदल के आदेश पर निलंबित कर दिया गया। अर्दली की यह करतूत सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद चीफ जस्टिस ने इसे गंभीरता से लिया और रजिस्ट्रार को कार्रवाई के लिए निर्देश दिया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट कैंपस में वर्दी पर पेटीएम का वॉलेट लगाकर वकीलों से बख्शीश लेने वाले कोर्ट जमादार (अर्दली) राजेन्द्र कुमार को महानिबंधक ने निलंबित कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश ने वायरल फोटो को गंभीरता से लिया और कार्यवाही करने का आदेश दिया।



जिस पर हाईकोर्ट के महानिबंधक आशीष गर्ग निलंबन आदेश दिया है। निलंबन अवधि के दौरान राजेंद्र कुमार नजारत सेक्शन से संबद्ध रहेगा ।कोर्ट की अनुमति के बिना अपना स्टेशन भी नहीं छोड़ सकेगा ।इस दौरान उसे निलंबन भत्तों का भुगतान होता रहेगा। आरोप है कि वह कोर्ट कैंपस में अपनी वर्दी पर पेटीएम का वैलेट लगाकर घूमता था।फुटकर न होने की दशा में उसी पर वकीलों से बख्शीश मांगता था। पेटीएम वॉलेट के जरिए वकीलों से ऑनलाइन टिप लेता था।

# आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को भी उच्च शिक्षा मिल सके इसके लिए समाज को आगे बढ़ना चाहिए: दयाराम सरोज

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा और संस्कार देनें के लिए अभिवावकों को चाहिए की वो खुद भी दैनिक जीवन में नैतिकता को अपनाएं साथ ही समय मिलने पर प्रतिदिन अच्छी पुस्तकों का अध्ययन करें। उक्त बातें बुधवार को झूंसी स्थित श्याम लाल सामाजिक सेवा संस्थान में आयोजित स्वागत एवं नागरिक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए आई पी एस अधिकारी दयाराम सरोज ने बतौर मुख्य अतिथि कही। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे भी उच्च शिक्षा हासिल कर सकें इसके लिए उन्होंने समाज से मदद करने की अपील की। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने अपनी शिक्षा दीक्षा से सम्बन्धित अनेक अनुभवों को उपस्थित लोगों के बीच साझा किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनका माल्यार्पण कर उन्हें

## आईपीएस अधिकारी दयाराम सरोज का झूंसी में हुआ भव्य स्वागत



बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा भेंट की। अध्यक्षता करते हुए पूर्व नगर आयुक्त अशोक कुमार ने कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता है। शिक्षा ही एक मात्र ऐसा विकल्प है जिससे व्यक्ति अपने आप को सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बना सकता है। मौके पर उपस्थित अन्य लोगों ने भी दयाराम सरोज को आई पी एस में पदोन्नति के लिए उन्हें बधाई दी। बता दें कि प्रयागराज के प्रतापपुर क्षेत्र निवासी मृदुभाषी एवं संवेदनशील पुलिस अधिकारी दयाराम सरोज का बिगत माह भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस कैडर) में पदोन्नति हुआ। 1992 बैच के पीपीएस अधिकारी दयाराम सरोज की प्राथमिक शिक्षा दीक्षा गांव से तथा उच्च शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूरी हुई। प्रदेश के दर्जनों जनपद में क्षेत्राधिकारी एवं एडिशनल एसपी रहे दयाराम सरोज की गिनती प्रदेश के तेज तर्रार एवं न्याय प्रिय अधिकारियों में होती है। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ.अजय प्रकाश सरोज तथा धन्यवाद ज्ञापन पूर्व वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी बजरंगी लाल ने किया। मौके पर गुलाबचंद्र सरोज (एसपीओ) प्रयागराज,रमाशंकर सरोज(डिप्टी डायरेक्टर सेवा योजन विभाग) सुनील कुमार , विजय बहादुर , डॉ.सुधा ,नीरज पासी, अजीत भारतीय, राम विशाल पासवान,पत्रकार राम बाबू , पत्रकार हरिओम प्रकाश, एडवोकेट अरुण, सूर्य बली ,श्याम सिंह (शिक्षक), शुभम उर्फ डीएम आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मां -बाप को गोली मारने वाला गया जेल,पत्नी के साथ चल रहे विवाद में 30 नवंबर को मारी थी गोली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पत्नी से चल रहे अलगाव के मुकदमे ने एक बेटे को मां बाप पर ही हमला करने का आरोपी बना दिया। 30 नवंबर को अपने मां बाप पर लाइसेंसी रिवाल्वर से फायरिंग करने वाले युवक रंजीत उर्फ रितेश जायसवाल को नैनी पुलिस ने एक दिसंबर को लिखा पढ़ी के बाद जेल भेज दिया।घायल मां की हालत अभी भी स्थिर बनी हुई है। पिता खतरे से बाहर बताए जा रहे है। हालाकि व्यवहार कुशल रितेश के इस कदम से आसपास के लोग भौचक हैं। नैनी कोतवाली अंतर्गत मामा भांजा तालाब बाजार निवासी लालचंद्र जायसवाल घर के बाहरी हिस्से में जूते चप्पल और किराने की दुकान चलाते है। उनके दो बेटियां और दो बेटे है।



**बुधवार दोपहर हुई थी दोनों में मारपीट**

दोनों बेटों रिंकू जायसवाल और रितेश जायसवाल की शादी हो चुकी है। रिंकू एक मोबाइल कम्पनी में लखनऊ में काम करता है। जबकि रितेश पिता का दुकान में हाथ बंटाता है। दोनों बेटों की पत्नियां अलग हो चुकी हैं। रितेश का पत्नी से तलाक को लेकर मुकदमा चल रहा है। इसी बात को लेकर रितेश डिप्रेशन में चल रहा है। उसका इलाज चल रहा है। दो दिन पहले रिंकू लखनऊ से घर आया था। जब से आया था तभी से रिंकू और रितेश के बीच विवाद हो रहा था। बुधवार दोपहर 3:00 बजे भी दोनों में मारपीट हो गई। परेशान पिता ने पुलिस को सूचना दे दी।

**मौके से खोखे, कारतूस और रिवाल्वर बरामद**

जानकारी मिलते ही चौकी इंचार्ज संतोष सिंह मौके पर पहुंच गए। पुलिस के सामने ही रितेश ने पिता लालचंद्र की लाइसेंसी रिवाल्वर से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें पहले उसकी मां कुसुम जायसवाल के सीने में और फिर पिता के हाथ में गोली लगी। माता पिता को घायल देख रितेश ने खुद को एक कमरे में बन्द कर लिया था। पुलिस ने पड़ोस के घर से सीढ़ी लगाकर नीचे उतरी और उसे हिरासत में ले लिया। मौके से आठ कारतूस, सात खोखे और रिवाल्वर बरामद कर ली गई। इंस्पेक्टर नैनी बृजेश सिंह ने बताया कि पत्नी से चल रहे मुकदमे की वजह से आरोपी ज्यादा परेशान था।

## मुंशी काली प्रसाद का लगाया पौधा बना शिक्षा में एशिया का सबसे बड़ा संस्थानअमरदीप भट्ट,

**प्रयागराज।** शैक्षणिक कार्यों के अतिरिक्त समाज सेवा में यथाशक्ति योगदान देकर 150 साल की स्वर्णिम यात्रा कर चुके कायस्थ पाठशाला ने संगमनगरी से समूचे भारत को अनूठा संदेश दिया है। जौनपुर के मुंशी काली प्रसाद कुलभाष्कर ने यहीं बहादुरगंज में 1872 में सात विद्यार्थियों के साथ कायस्थ पाठशाला की नींव डाली थी। शिक्षा के प्रति उनके समर्पण की भावना को इसी बात से समझा जा सकता है कि उन्होंने अपने वसीयतनामे में अपनी सभी कोठियों, जमीन जायदाद के अलावा दैनिक उपयोग की समस्त वस्तुओं को कायस्थ पाठशाला के नाम लिख दिया था। वर्तमान में कायस्थ पाठशाला का फैलाव देश के कई अन्य जिलों तक हो चुका है। दरअसल कायस्थ पाठशाला एशिया महाद्वीप की एक विशालतम शैक्षणिक संस्था बन चुकी है। यह अब शिक्षा के वटवृक्ष की तरह सभी के सामने है।

# आजु मिथिला नगरिया निहाल सखिया प्रयागराज पहुंचीं मैथिली ठाकुर ने भजन गाकर श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गुरुवार से शुरू हुए राष्ट्रीय शिल्प मेले में प्रयागराज पहुंचीं यूथ आइकन और भोजपुरी गायिका मैथिली ठाकुर ने संस्कृति संध्या में समां बांध दिया। गणेश वंदना से उन्होंने अपने गायन की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने आज मिथिला नगरिया निहाल सखियां,किन्ना सोना तन्यु रब ने बनाया....मेरा पिया घर आया ओ रामजी.....जैसे गीत सुनाकर श्रोताओं, को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद एक से बढ़कर एक गीत गाकर मैथिली ठाकुर ने श्रोताओं को बांधे रखा।

**मैथिली की गीतों पर जमकर थिरके लोग, तालियों से गूंजा पंडाल**

प्रयाग नगरी संगम में एक बार फिर राष्ट्रीय शिल्प मेला का आगाज हो गया। मन को तरंगित कर देने वाले आंचलिक लोकगीत, भांगड़ा, डांडिया नृत्य, लोकनृत्य एवं विभिन्न राज्यों के मशहूर खानपान की



बहुरंगी छटा से सजी शाम के बीच एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतगर्त राष्टीय शिल्प मेले का गुरुवार शाम से शुरूआत हो चुकी है। शिल्प हाट रंगबिरंगी रौशनी से नहाए मुक्ताकाशी मंच की आलौकिक छवि नजर आ रही है। 12 दिसंबर तक चलने वाले इस बहुचर्चित मेले का शुभारंभ सुप्रसिद्ध लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेले का शुभारंभ ऋचा पाठ विधा के एकमात्र कलाकार विपिन मिश्रा ने शंख एवं डमरू ज्ञान दुंगदुभी से किया। इसके बाद चेतन भाई चौहान के गरबा लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद मंच पर उड़ीसा के हेमन्त बहेरा ने डांडिया एवं गोटी पुआ नृत्य पेश कर वहां पर बैठे लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। दिनेश भार्वे गुटुम्ब बाजा की प्रस्तुति देकर चार चांद लगा दिये। मणिपुर से वाई अमसुसाना ने मार्शल आर्ट थांगगटा तथा पुंग व ढोल चोलम की प्रस्तुति दी। इसके बाद पंजाब से आए रवि किन्नूर ने भांगडा लोकनृत्य पेश करके दर्शकों को खूब झूमाया।

# रोजगार मेले में 169 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा लाल बहादुर शास्त्री पॉलीटेक्निक, माण्डा, प्रयागराज में गुरुवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में आये हुए अभ्यर्थियों की प्री प्लेसमेंट काउंसिलिंग का भी आयोजन किया गया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि विधायक कोरांव राजमणि जी विशिष्ट अतिथि के रूप में वी0डी0ओ0 माण्डा अमित मिश्रा, सहायक प्रबन्धक उद्योग विकास पाण्डेय तथा सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नाकर अस्थाना, जिला सेवायोजन अधिकारी चन्द्र कान्त सिंह, स0जि0रो0सहा0अधिकारी प्रशांत, विश्वमोहन द्विवेदी अनु0, भगवान दास, राम जी, रामधारी, श्यामधारी, हरिशंकर जी ने प्रतिभाग किया एवं अन्य समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस रोजगार मेले में पीपल ट्री आनलाइन द्वारा 64, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 द्वारा 18, कैरियर ब्रीज स्किल साल्यूशन द्वारा 52, जी4एस सिक्योर साल्यूशन प्रा0लि0 द्वारा 18, स्पेक्ट्रम टैलेन्ट मैनेजमेंट प्रा0लि0 द्वारा 05, रोहित हाईब्रीड सीड प्रा0लि0 द्वारा 05, फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस लि0 द्वारा 07 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा कुल 169 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में लगभग 310 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह जानकारी सहायक निदेशक, सेवायोजन ने दी है।


**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम के मध्यकालीन इतिहास, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, अंग्रेजी साहित्य, हिन्दी साहित्य, संस्कृत, शिक्षाशास्त्र विषयों के एक-एक सहायक आचार्य की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता, वेतनमान यू0जी0सी0/राज्य वि0वि0 के मानकानुसार देय होगा।

**नोट**-इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अंकपत्रों/प्रमाण पत्रों के साथ महाविद्यालय के पते पर पंजीकृत डाक/व्यक्तिगत उपस्थित होकर विज्ञापन प्रकाशित के पन्द्रह दिन के अन्दर आवेदन कर सकते हैं। साक्षात्कार हेतु सूचना ई-मेल/दूरभाष के माध्यम से दिया जायेगा।

**प्रबंधक- महावीर सुमित्रा महिला महाविद्यालय, बजहॉ मिश्रान, सैदाबाद हण्डिया, प्रयागराज।**

# सुरक्षा कर्मी वृद्ध की गोली मारकर हत्या, मचा हड़कंप, परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज-लखनऊ नेशनल हाइवे पर गुरुवार की भोर पहर एक वृद्ध सुरक्षा कर्मी की गोली मारकर हत्या किये जाने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुँची कुंडा कोतवाली पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पीएम को भेजा।

बताया जाता है कि कुंडा कोतवाली के रायजी का पुरवा मझिलगाव निवासी हरिराम मिश्रा (65) वर्षीय बेसिंग प्लांट में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता था जो जल निगम में आपरेटर भी रह चुके हैं। बुधवार की रात को खाना खा पीकर चाय पान की दुकान में अकेले सो रहे थे कि गुरुवार की सुबह भोर पहर अज्ञात बदमाशों ने सोते समय गोली मारकर हत्या कर दी खून से लथपथ शव देख ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया और घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर ग्रामीणों को शव के पास कारतूस का खाली खोखा पड़ा मिला घटना की खबर मिलते ही सी ओ कुंडा अजीत सिंह व कोतवाली पुलिस भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुँचे और कारतूस को अपने कब्जे में लेते हुए ग्रामीणों व परिजनों से घटना की बाबत जानकारी किया। पूछताछ में हत्या का सही कारण पता नही चल सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि परिजन लोग कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद व परिजनों की तहरीर पर जांच कर विधिक कार्रवाई की जायेगी। हत्या का कारण का पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है। बता दे कि इन दिनों कुंडा कोतवाली क्षेत्र में सिर चढ़कर खुलेआम अपराध हो रहे हैं जिसे रोक पाने में कोतवाली पुलिस नाकाम साबित हो रही है। आये दिन हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भय ब्याप्त है तीन दिन के अंदर हुई तीन हत्याओं ने नवागत कुंडा इंचार्ज उदयवीर सिंह को किसी चुनौती से कम नही दिया है। घटना स्थल पर एडिशनल एसपी रोहित मिश्रा भी पहुचे और घटना की बाबत जानकारी ली जल्द से जल्द खुलासा करने की बात कही है।


घटना स्थल पर मृतक के रोते-बिलखते परिजन।

## बेटे ने विधवा मां के सामान को छीन कर घर से निकाला बाहर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कलयुगी बेटे ने अपनी विधवा मां को घर से मारपीट कर उसका सामान छीन कर घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित विधवा मां पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भोपालपुर सैफाबाद की रहने वाली रामदुलारी ने बताया कि वह विधवा है उसके पति माताफेर की मृत्यु हो चुकी है उसका बेटा रामजीत उसे परेशान करता है गुरुवार को उसके संदूक तथा 1000 रुपया छीन करके उसे घर से बाहर निकाल दिया तथा दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी पीड़ित मां ने पट्टी कोतवाली में अपने बेटे के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है।

## चोरी की आशंका पर प्रधानाचार्य ने दिया शिकायती पत्र

**पट्टी, प्रतापगढ़।** इंटर कॉलेज में 3 महीने पहले विद्यालय में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे तथा वॉइस रिकॉर्डर ले जाने के मामले में संदेह होने पर एक युवक के विरुद्ध प्रधानाचार्य ने शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के हरई पट्टी गांव के रहने वाले प्रधानाचार्य सभाजीत यादव इंटरमीडिएट कॉलेज नारंगपुर में प्रधानाचार्य हैं। उन्होंने बताया कि 3 महीने पहले विद्यालय में लगा हुआ सीसीटीवी कैमरा तथा वॉइस रिकॉर्डर अज्ञात लोग उठा ले गए बुधवार को दोपहर के बाद जब छुट्टी हुई तो एक व्यक्ति विद्यालय के अंदर बाउंड्री कूदते हुए दिखाई दिया उसी पर आशंका जाहिर करते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर नामजद शिकायती पत्र दिया है।

## दुर्घटना मे अधेड घायल, रेफर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कार की टक्कर से अधेड़ दुर्घटना मे गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। लालगंज कोतवाली के गोसांई का पुरवा अमांवा निवासी ज्ञान पाल मौर्या का पुत्र वीरेन्द्र मौर्या 40 बुधवार की रात रानीगंज कैथौला क्षेत्र में किसी निमंत्रण से साइकिल से घर वापस आ रहा था। रात करीब नौ बजे नेशनल हाइवे के नया का पुरवा के समीप तीव्र गति से आ रही कार ने साइकिल को टक्कर मार दी। इसके बाद कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकरायी। दुर्घटना मे वीरेन्द्र को गंभीर चोटें आ गयी। सूचना मिलने पर कोतवाली के दरोगा केशव प्रसाद फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और चुटहिल को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले आये। यहां वीरेन्द्र की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दुर्घटना में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस क्षतिग्रस्त कार को कब्जे मे लेकर

## पंचायत भवन में लगा सोलर पैनल को खोल ले गये चोर

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कडरौ ग्राम पंचायत के जुगई का पुरवा गाव में पँचायत भवन के अस्थाई कार्यालय की छत पर लगा सोलर पैनल को बुधवार की बीती रात को अज्ञात चोर खोल ले गये। घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम पंचायत अधिकारी आर पी यादव व ग्राम प्रधान रामप्यारे सरोज मौके पर पहुँचकर सोलर पैनल चोरी होने पर आस पास के लोगो से पूछ ताछ किया लेकिन पता नही चला गुरुवार को ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान ने नवाबगंज पुलिस को पैनल चोरी की तहरीर दिया पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच में जुटी है।

## विविध कार्यक्रमों में शामिल होगीं विधायक मोना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज शुक्रवार दो दिसंबर को निर्वाचन क्षेत्र में विविध कार्यक्रमों मे शामिल होंगी। वह साढे बारह बजे खजुरी तथा दिन मे दो बजे बाबा घुइसरनाथ धाम एवं ढाई बजे सांगीपुर तथा साढ़े तीन बजे मंगापुर में आयोजित विविध कार्यक्रमों मे शामिल होंगी। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने यहां दी है।

## भूमिधरी जमीन से मेला हटाने की मांग

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी के मेले में उपयोग की जाने वाली भूमि धरी जमीन को मेला हटाने की मांग पीड़ित ने किया है। पट्टी कस्बे में इस समय ऐतिहासिक दशहरा मेला लगा हुआ है वैसे तो मेला 3 दिन के लिए लगता है लेकिन भीड़ महीनों तक लगी रहती है । पट्टी कस्बे के सुरेंद्र प्रसाद पांडे ने बताया कि उनकी गाटा संख्या 76 में 3 दिन के लिए मेला लगाया गया था लेकिन अभी तक मेला हटाया नहीं गया है जिससे गेहूं की बुवाई प्रभावित हो रही है। पीड़ित ने बताया कि जब मेला हटाने की बात की जाती है तो समिति के पदाधिकारी फौजदारी करने पर उतारू हो जाते हैं इस संबंध में पट्टी पुलिस को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

## औचक निरीक्षण में खामियां देख नाराज हुई सीडीओ, जिम्मेदारों को मिली फटकार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले की सीडीओ ने गुरूवार को लक्ष्मणपुर ब्लाक के सडवा दुबान समेत तीन ग्राम पंचायतो मे विकास कार्यो तथा सरकारी संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ ईशा प्रिया ने सडवा दुबान गांव में मनरेगा के कार्यो की प्रगति खंगाली तो धीमी गति पाकर नाराज हो उठी। वही प्राथमिक विद्यालय मे बच्चों की उपस्थिति भी कम पाये जाने पर उन्होनें प्रधानाध्यापक को कडी फटकार लगायी।

घूरीपुर में मनरेगा के तहत कार्य का सीडीओ ने स्थलीय निरीक्षण किया तो दो जगह चल रहे कार्य मे निर्धारित टोली को काम करता न देख तथा एक श्रमिक की जगह दूसरे को काम पर लगा देख रोजगार सेवक मनोज को चेतावनी दी। गांव मे प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण में यहां भी सीडीओ को बडी संख्या मे बच्चे गैरहाजिर मिले। इस पर प्रधानाध्यापिका सुषमा सिंह समेत शिक्षकों को सीडीओ की डांट का सामना करना पड़ा। बासूपुर गांव में सीडीओ ने निमार्णाधीन सामुदायिक शौचालय व संपर्क मार्ग का औचक निरीक्षण किया। यहां कार्य मे गुणवत्ता के निर्देश दिये। इसके बाद सीडीओ ने देवली गांव पहुंचकर निमार्णाधीन पंचायत भवन के कार्य मे भी ढीलापन देख प्रधान दुलारी देवी व ग्राम पंचायत अधिकारी को डांटा फटकारा। सीडीओ के औचक निरीक्षण से कई अन्य गांवो मे भी हडकंप का माहौल दिखा। निरीक्षण के दौरान डीसी मनरेगा इंद्रमणि तिवारी, एपीओ विनोद सिंह, प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी सत्यदेव यादव, आलोक पाण्डेय, विकास पाण्डेय, शिवमूर्ति दुबे, अंकित कुमार आदि रहे।

# सभी सीटों का निकाय चुनाव लड़ेगी कांग्रेस: डा0 लालजी

## निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस का मंथन जारी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रतापगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष, प्रतापगढ़ जनपद के विभिन्न नगर पंचायत अध्यक्षों एवं सभासदों के चुनाव को लेकर एक आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय इन्दिरा भवन पर आयोजित की गई।

बैठक में निकाय चुनाव के लिए बनाई गई विधानसभा वार प्रभारियों की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी एवं संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष डॉ.लाल जी त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी सभी सीटों पर पूरी ताकत के साथ निकाय चुनाव लड़ेगी। जो भी साथी अभी तक निकाय चुनाव में आवेदन नहीं किए है जल्द से जल्द फॉर्म भरकर जमा कर दें।

श्री त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नगर पालिका अध्यक्ष सहित सभी नगर पंचायत अध्यक्षों एवं सभी सभासद सीटों पर चुनाव लड़ाएगी स बैठक में निकाय चुनाव में बनाए गए नगर पालिका प्रतापगढ़ प्रभारी इरफान अली, सदर विधानसभा प्रभारी डॉ. नीरज त्रिपाठी,रानीगंज विधानसभा प्रभारी नरसिंग प्रकाश मिश्र, विश्वनाथगंज विधानसभा प्रभारी लल्लन सिंह, पट्टी विधानसभा प्रभारी राम लवट यादव,रामपुर खास विधानसभा प्रभारी के.डी. मिश्रा, बाबागंज विधानसभा प्रभारी हरीश चन्द्र सरोज,कुंडा विधानसभा प्रभारी करुण पांडेय रहे सभी ने अपनी अपनी रिपोर्ट जिला अध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी को प्रस्तुत किए। बैठक में मुख्य रुप से कार्यालय प्रभारी एवं कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, पी.सी.सी सदस्य डॉ.प्रशान्त देव शुक्ला, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, राम शिरोमणि वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतापगढ़, कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष सरोज कश्यप, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मकरंद शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव आशुतोष तिवारी,पूर्व प्रत्याशी कुंडा योगेश यादव, नगर प्रभारी मो. इश्तियाक, कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी,राम धन यादव, मोनू मिश्रा, राजेंद्र वर्मा, देवमणि पाण्डेय, अजीत सिंह, श्याम शंकर तिवारी सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।


इंदिरा भवन पर आयोजित बैठक में बोलते।

## भागवत के मर्म को बनाएं जीवन का अलंकरण: आचार्य योगेश

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के बरीबोझ गांव में श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस पर कथाव्यास व्याकरणाचार्य आचार्य योगेश जी महराज ने सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष की कक्षा का सार समझाते हुए श्रद्धालुओं से भागवत को जीवन का अलंकरण बनाने का आहवान किया। कथा मे शामिल महिला श्रद्धालुओं ने भक्तिमय गीत व भजन से भगवान श्रीकृष्ण महिमा उत्सव की समा बांधी। वहीं आयोजन समिति द्वारा कथाव्यास करपात्री धाम के आचार्य योगेश जी तथा कुलगुरू पं. चक्रधर शुक्ल को मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में प्रभावी भूमिका के लिए विशिष्ट लोगों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के सह संयोजक धर्मेन्द्र तिवारी पप्पू तथा अधिवक्ता दीपेन्द्र तिवारी ने श्रद्धालुओं का स्वागत वंदन किया। सम्मान कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। संयोजक पं. जगतपाल तिवारी व वीरेन्द्र तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर डा. वीरेन्द्र मिश्र, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, महादेव प्रसाद मिश्र बम बम, अधिवक्ता रमेश पाण्डेय, हरिपाल ओझा, इं. सुनील पाण्डेय, श्रीकांत मिश्र, संतोष द्विवेदी, साकेत मिश्र, बाबा नरेन्द्र ओझा, रामचंद्र तिवारी, भइयाराम तिवारी, मुरलीधर तिवारी, आदि रहे।

# मंडलीय प्रतियोगिता में एमएमपीजी कालाकांकर के छात्रों ने परचम लहराया

### तीन में से दो प्रतियोगिता में मारी बाजी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न किए जाने के लिए आयोजित मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में मदनमोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालाकांकर के छात्रों ने परचम लहराया। विद्यार्थियों ने 3 में से 2 प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय और जनपद को गौरवान्वित किया है।

हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय पीजी कॉलेज नैनी प्रयागराज में आयोजित जनपद प्रयागराज, फतेहपुर, कौशांबी और प्रतापगढ़ के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच आयोजित इस मंडलीय प्रतियोगिता में जिसकी पुरस्कार राशि रुपए 10000 निश्चित की गई है, में महाविद्यालय के बी एड तृतीय सेमेस्टर के छात्राध्यापक संजय सिंह ने सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रतियोगिता में बीए तृतीय सेमेस्टर के ही विद्यार्थी लकी पांडे को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है पोस्टर प्रतियोगिता में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी अभय प्रताप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन प्रतियोगिताओं का संयोजन समाज शास्त्र विभाग की प्रभारी डॉ ज्योति गुप्ता ने किया। विद्यार्थियों के द्वारा किए गए इस शानदार प्रदर्शन पर महाविद्यालय प्रशासकीय समिति की सेक्रेटरी पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है एवं सभी विद्यार्थियों का आवाहन किया है इन प्रतियोगिताओं में पूरी क्षमता के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। विजेता प्रतिभागियों को अब राज्य स्तरीय 25000 पुरस्कार वाली प्रतियोगिता में राजधानी लखनऊ में भाग लेने के लिए अर्हता मिल गई है।


मण्डलीय प्रतियोगिता में सफल होने वाले छात्रगण।

# शहर को कूड़ा मुक्त कराने के लिये नपाध्यक्षा ने चलवाया सफाई अभियान

### सगरा ढलान पर कांषीराम कालोनी में हुई कूडे.की सफाई



हरी झण्डी दिखाकर कार्यक्रम की शुरूआत करतीं नपा अध्यक्षा प्रेमलता सिंह।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अमृत महोत्सव के अंतर्गत प्रतिबद्ध 75 जनपद 75 घंटे 750 निकाय अभियान के अंतर्गत आज गुरुवार को नगर पालिका परिषद बेला प्रतापगढ़ में मलिन बस्ती काशीराम कॉलोनी सगरा विस्तारित क्षेत्र में नगर पालिका शासन द्वारा निर्देशित गार्बेज वेनरेबल (जी0वी0पी0) प्वाइंट खत्म करने के निर्देश प्राप्त हुए थे जिसके क्रम पालिका प्रशासन द्वारा चिन्हांकन किया गया था।

गुरुवार की सुबह से ही कूड़ा मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह के नेतृत्व में विस्तृत तरीके से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्षा द्वारा जनता से अपील की गई कि कूड़े को नाली में न फेंके कूड़े को घर में ही प्रथक्करण करते हुए उसको कूड़ेदान में डालें सूखे कूड़े को नीले डिब्बे में व गीले कूड़े को हर डिब्बे में डालें तथा सुबह 10 बजे तक कूड़े को कूड़ेदान में निश्चित रूप से डाल दें ताकि ससमय कूड़ा उठकर डंपिंग साइट पर भेजा जा सके। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के डीपीएम वरुण कुमार सिंह, जिला समन्वयक श्री आशीष मिश्रा द्वारा भी अपील किया गया कि कूड़े को कैसे अपने ही घर में कंपोस्ट कर सकते हैं तथा होम कंपोस्टिंग के विषय में विस्तृत रूप से बताया गया। समस्त कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह के देखरेख में चल रहा है तथा कार्यक्रम की मॉनिटरिंग लगातार कंट्रोल रूम लखनऊ से किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से 8-8 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है जो लगातार 24 घंटे क्रमबद्ध तरीके कार्य को संपादित करते हुए 75 घंटे तक चलेगी। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक द्वारा स्थानीय जनता से अपील की गई के जो स्थान की सफाई कर दी जा रही है उस स्थान को लगातार साफ व स्वच्छ रखने में जनता सहयोग करें जिससे नगर क्षेत्र स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नंबर एक रैंकिंग ला सके। इस कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर, राजस्व निरीक्षक राजेश बिंद, सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह एवं राजेंद्र यादव, राहुल सिंह व अन्य पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गुरु गोबिन्द सिंह के प्रकाश पर्व को लेकर हुई बैठक

### गुरुद्वारा में कमेटी द्वारा तैयारियों पर हुआ मंथन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गुरुद्वारा नानक शाही बाबागंज में सरदार मंजीत सिंह की अध्यक्षता में गुरुद्वारा कमेटी की एक मीटिंग आगामी आने वाले गुरुगोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के लिए हुई जिसमे गुरुद्वारे में नगर कीर्तन व शोभा यात्रा पर चर्चा हुई, जिसमें पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। चर्चा में सरदार मंजीत सिंह गोबिंद ने बुजुर्गो वा बीमार संगतों को सीढ़ी चढ़ने में काफी दिक्कत होती हैं जिसके लिए गुरुद्वारे में लिफ्ट लगाने का प्रस्ताव रखा जिसका सभी सदस्यों ने प्रसन्नता पूर्वक एक ध्वनि में प्रस्ताव को मंजूरी दी जिसके लिए सदस्यों को जल्द लगवाने लगाने कहा गया।

अन्य विचारो के बाद प्रति वर्ष होने वाली गुरुमत ज्ञान प्रतियोगिता कराने की भी जिम्मेदारी मंजीत सिंह गोबिंद को सौंपी गई। गुरुद्वारा साहिब की साजावट, नगर कीर्तन शोभायात्रा में गुरुमहराज की पालकी की सजावट की जिम्मेदारी नवुवक टीम को सौंपी गई। मीटिंग में प्रमुख रूप से सरदार कर्मजीत सिंह कुलदीप सिंह, आत्मजीत सिंह सतबीर सिंह, गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान कुलदीप सिंह, सर्वजीत सिंह परमप्रीत सिंह, बलप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, सैनकी, साहिब, तरुण मिश्रा आदि मौजूद रहे। अंत में अध्यक्ष जी ने सभी का धन्यवाद किया वा सभा को समाप्त करने की घोषणा की।


नानकषाही गुरुद्वारा में बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में नौनिहालों का हुआ परीक्षण

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धधुआ गाजन स्थित आइन्स्टीन पब्लिक स्कूल में बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। गुरूवार को विद्यालय में रायबरेली आयुर्विज्ञान संस्थान की चिकित्सा टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए नेत्र शिविर का भी आयोजन किया। चिकित्सा विशेषज्ञ डा. अवनीश शुक्ला एवं कुलभूषण शुक्ला ने स्वास्थ्य शिविर में बच्चों को एंटी बायोटिक दवाओं के उपयोग को लेकर सावधानी बरतने की जानकारियां दी। चिकित्सक टीम ने बताया कि एंटी बायोटिक दवाओं के अनावश्यक सेवन से विभिन्न प्रकार की घातक बीमारियां शरीर मे प्रवेश करने लगती है। वहीं नेत्र शिविर में छात्र छात्राओं की आंखो का परीक्षण करते हुए उन्हें उपचार सुझाए गए। कार्यक्रम में विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, हमें हर हाल में बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होगा। श्रुति ने कहा कि स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास हुआ करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संरक्षक विभवभूषण शुक्ल ने भी स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रदान की। कार्यक्रम की संयोजिका प्रधानाचार्या वंदना मिश्रा ने स्वागत भाषण तथा संचालन मनोज ओझा ने किया। इस मौके पर डा. सौरभ मिश्र, आशुतोष शुक्ला, अशोक ओझा, रमेशपाल तिवारी, योगेन्द्र शुक्ल, देवेन्द्र मिश्र, महेन्द्र पाठक, सत्यप्रकाश विद्यार्थी आदि रहे।

# लाखो रुपए गबन के आरोप में 5 शिक्षा कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

## छह खण्ड शिक्षा अधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने के लिए महानिदेशक को भेजा पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले के विभिन्न विकास खण्ड के विद्यालयों में रसोइयां के रूप कार्यरत न होने के बावजूद सुनियोजित तरीके से स्वयं तथा अपने सगे सम्बन्धियों जान पहचान के व्यक्तियों के खाते में प्रथमदृष्ट्या लाखो रुपए मानदेय के प्रेषण करके शासकीय धनराशि के व्यपहरण का मामला प्रकाश में आया है मामले की जांच जिलाधिकारी ने कराई थी जॉच में दोषी पाये गये पंकज कुमार, जिला समन्वयक-एम0डी0एम0 विनय कुमार गुप्ता,

### लाखो रुपए के शिक्षा विभाग में गबन के आरोप में सात संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त

तत्कालीन कम्प्यूटर ऑपरेटर एम0डी0एम0 पटल प्रभारी सिराथू सम्प्रति कम्प्यूटर ऑपरेटर विकास खण्ड सरसवां राजकुमार चौरसिया, तत्कालीन कम्प्यूटर ऑपरेटर एम0डी0एम0 पटल प्रभारी-मूरतगंज सम्प्रति कम्प्यूटर ऑपरेटर विकास खण्ड-कड़ा मो0 नाशिद, अनुदेशक उच्च प्राथमिक विद्यालय पिण्डरा/एम0डी0एम0 पटल प्रभारी विकास खण्ड मंझनपुर नीरज जायसवाल, कम्प्यूटर ऑपरेटर एम0डी0एम0 के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश जिला अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को दिये है उपरोक्त पॉचों कर्मचारियों एवं 02 अन्य कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रदीप सिंह, सरसवां एवं आलोप कुमार, सिराथू कुल 07 संविदा कर्मचारियों की सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कौशाम्बी को दिये गये।

पर्यवेक्षणीय कार्यों में शिथिलता बरतने के लिए दोषी बताये गये खण्ड शिक्षाधिकारियों राजेश कुमार, तत्कालीन खण्ड शिक्षाधिकारी सिराथू सम्प्रति खण्ड शिक्षाधिकारी जनपद चित्रकूट जवाहर लाल यादव, तत्कालीन खण्ड शिक्षाधिकारी सिराथू सम्प्रति खण्ड शिक्षाधिकारी मुख्यालय कौशाम्बी चन्द्रमोहन सिंह, खण्ड शिक्षाधिकारी मंझनपुर श्रीमती किरन पाण्डेय, तत्कालीन खण्ड शिक्षाधिकारी मूरतगंज सम्प्रति खण्ड शिक्षाधिकारी कड़ा मुकेश नारायण मिश्र तत्कालीन खण्ड शिक्षाधिकारी मूरतगंज सम्प्रति निलम्बित खण्ड शिक्षाधिकारी सम्बद्ध जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर मिथिलेश कुमार, तत्कालीन खण्ड शिक्षाधिकारी सरसवां सम्प्रति खण्ड शिक्षाधिकारी जनपद चित्रकूट के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने के लिए महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ को जिलाधिकारी द्वारा रिपोर्ट प्रेषित की गयी है।

# पेट्रोल पंप मालिकों के ठेंगे पर डीएम कमिश्नर के आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** डीएम कमिश्नर ने साफ शब्दों में कहा कि किसी व्यक्ति को बोतल में पेट्रोल नहीं दिया जाएगा लेकिन पेट्रोल पंप के मालिक और उनके कर्मी डीएम कमिश्नर के आदेश को ठेंगे पर समझते हैं मूरतगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के मेला बाग के पास पेट्रोल पंप में खुलेआम बोतल में पेट्रोल दिया जा रहा है।



बोतल में पेट्रोल देता पेट्रोल पंप कर्मी।

स्थानीय पुलिस और अन्य अधिकारी कर्मचारी नियम विरुद्ध दिए जा रहे पेट्रोल के मामले में उदासीन है डीएम के आदेश के पालन में गंभीर नहीं है जो बड़ा सवाल है पेट्रोल पंप में बोतल में पेट्रोल देने के मामले को संज्ञान लेना होगा वरना बड़ी घटनाएं हो सकती हैं जिस उद्देश्य से डीएम कमिश्नर द्वारा यह आदेश जारी किया गया है वह उद्देश्य विफल हो जाएगा।

# सहकारी समितियों वा बीज गोदाम से गायब हो गए गेहूँ के बीज

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सरकार अनुदान में किसानों को बीज उपलब्ध कराती है लेकिन खेतों की बुवाई के पहले ही सरकारी समितियों और बीज गोदाम केंद्रों से बीज गायब हो गए हैं जिससे जिले में गेहूं की बुवाई बाधित है पूरे जिले के लाखों किसान गेहूं के बीज के लिए सरकारी समितियों और सरकारी केंद्रों में बीज पाने के लिए चक्कर लगा रहे हैं लेकिन गेहूं का बीज नहीं मिल रहा है जिले से गेहूं का बीज गायब हो जाने के बाद जिला कृषि अधिकारी और उप निदेशक कृषि अपनी डफली बजा कर मौज कर रहे हैं सूत्रों की माने तो गेहूं बीज की कालाबाजारी से कृषि अधिकारी मालामाल हो चुके हैं जिससे उन्हें किसानों की मुसीबत की चिंता नहीं है खुले बाजार में घटिया क्वालिटी के महंगे दामों में गेहूं के बीज मिल रहे है जिससे किसानों के खेत में

### बीज बोने के समय किसान महंगे दामों पर बाजार से बीज खरीदने पर विवश

उपज की पैदावार अच्छी नहीं होती अच्छी पैदावार ना होने से किसान बाजार के बीज लेकर खेत की बुवाई नहीं करना चाहते लेकिन पूरा अक्टूबर और नवंबर का महीना बीत चुका है लेकिन सहकारी समितियों और बीज गोदाम में गेहूं बीज किसानों को नहीं मिल पा रहा है पूरे वर्ष बीज वितरण की अधिकारी योजना बनाते हैं मीटिंग के नाम पर मौज मस्ती करने वाले अधिकारी बीज वितरण की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कर पाए जिससे किसानों के सामने मुसीबत का पहाड़ खड़ा है अधिकारी से लेकर बीज गोदाम और सहकारी समितियों के जिम्मेदार समय व्यतीत कर बीज वितरण की वाहवाही लूट लेना चाहते हैं समय रहते बीज वितरण की जांच हो गई तो कई लोगों पर कठोर कार्रवाई होना तय है।

जिले के लगभग सभी सरकारी समितियो और बीज केंद्र से गेंहूँ के बीज गायब हो चुकें है खेत बुआई के समय बीज ना होने से किसान बाजार से महंगे दामों पर बीज खरीदने के लिए विवश है अब किसानों को जिले के आला अधिकारी से उम्मीद है कि सरकारी समितियों व केंद्र में बीज उपलब्ध कराए सवाल उठता है कि बीज बुवाई के समय पर क्या किसानों को जिले के आला अधिकारी सब्सिडी के साथ गेहू के बीज उपलब्ध करा पायेगें या फिर कृषि विभाग के अधिकारी किसानों के साथ छलावा कर बीज की कालाबाजारी करने वाले लोगों से सांठगांठ कर मालामाल होते रहेंगे।

### भयाहू से इश्कबाजी में असफल अधेड़ ने लगाई घर में आग

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के सेंगराहा गांव में अधेड़ बालमुकुंद को इश्कबाजी सवार हो गई है अधेड़ की पत्नी पहले ही उसे छोड़कर जा चुकी है अपने परिवार की एक विवाहित महिला के साथ वह इश्क बाजी कर रहा है जिसमें उसे खास सफलता नहीं मिल सकी है महिला के घर में ताक झांक करना स्नान करते समय उस पर नजर लगाना अधेड़ की आदत बन गई है जिससे विवाहिता परेशान हो चुकी है विवाहिता रिश्ते में अधेड़ की भयाहू लगती है कई बार विवाहिता ने उसकी हरकत पर विरोध भी किया लेकिन पत्नी भाग जाने के बाद इश्कबाजी में पागल अधेड़ बार-बार विवाहिता के साथ अश्लील हरकत कर रहा है अपने मकसद में असफल होने पर अधेड़ बालमुकुंद ने विवाहिता के घर में आग लगा दी है मामले की सूचना विवाहिता के परिजनों ने पुलिस को दी है

# सीएम को लगातार गुमराह कर रहे हैं कौशांबी के अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले की हकीकत के बजाय मुख्यमंत्री को गुमराह करने के मामले में अब अधिकारी अभ्यस्त हो चुके हैं जिससे आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है आम जनमानस के साथ छलावा कर अधिकारी मुख्यमंत्री को झूठी रिपोर्ट भेजकर गुमराह करने से भय नहीं खा रहे हैं जिससे योगी सरकार की योजनाएं जमीनी हकीकत में नहीं पहुंच पाती है और आम जनता दर-दर पर ठोकर खाने को विवश है जिसका नतीजा यह है कि दिनोदिन आम जनमानस के बीच योगी सरकार की लोकप्रियता घट रही है ताजा मामला कड़ा विकासखंड क्षेत्र के हब्बू नगर की सुग्गी देवी पत्नी रमेश कुमार पासी और श्रीमती पत्नी रत्तू पासी निवासी हब्बू नगर के अधूरे आवास पर पूर्ण आवास निर्माण की सूचना मुख्यमंत्री को भेज कर उन्हें गुमराह कर झूठी सूचना भेजने के मामले में अधिकारियों के झूठे कारनामों को खोलने के लिए पर्याप्त है।

विकासखंड कड़ा क्षेत्र की सुग्गी देवी और श्री मती को वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ यह आवास नवंबर 2022 तक पूर्ण नहीं हो सका है ग्राम प्रधान अधिकारियों के नाम पर रकम मांग रहे हैं प्रधान द्वारा कुछ रुपए छीन लिया गया है शेष रकम न मिलने पर ग्राम प्रधान मकान निर्माण में बाधक है जिसके चलते दोनों महिलाओं के पीएम आवास का निर्माण पूर्ण नहीं हो सका लेकिन मुख्यमंत्री कार्यालय ने 23 जुलाई 2022 को आवास लाभार्थी को पत्र भेजकर आवास योजना का लाभ प्राप्त होने पर बधाई दी है और लिखा है कि इस योजना के माध्यम से बनाए गए अपने घर में आप सपरिवार सुविधाजनक माहौल में रह रहे होंगे अब सवाल उठता है कि जब आवास कंप्लीट नहीं हुआ तो महिलाएं प्रधानमंत्री आवास में कैसे सुविधाजनक तरीके से रहती होंगी इससे साफ जाहिर है कि मुख्यमंत्री को आवास की जो सूची भेजी गई है वह झूठी है।

मुख्यमंत्री की जानकारी में कौशांबी के आवास के निर्माण पूर्ण हो चुके हैं लेकिन बड़े अधिकारी भी झूठी सूचना के मामले में इतने गंभीर नहीं है झूठी सूचना देने वाले खंड विकास अधिकारी कड़ा और उनके सहायकों पर मुकदमा दर्ज करा कर उन पर विभागीय कार्रवाई करने को अभी तक अधिकारियों ने बीड़ा नहीं उठाया है जिससे अधिकारियों की मंशा पर भी सवाल उठना लाजमी है।

### पशु चिकित्सकों की उदासीनता से अस्पताल में सक्रिय हैं दलाल

पश्चिम सरीरा कौशांबी सरसवा विकासखंड क्षेत्र के पश्चिम सरीरा स्थित पशु अस्पताल में पशुओं को इलाज नहीं मिल पा रहा है इन दिनों पशुओं में लम्पी रोग का प्रकोप बढ़ रहा है लेकिन पशुओं का ठीक से इलाज नहीं हो पा रहा है पशुओ के सरकारी अस्पताल पहुंचने पर वहां पहले से इलाज करने के नाम पर कथित पशु चिकित्सक दलालों की भूमिका निभाते हैं और वह पशुपालकों को झांसा देकर अपने साथ ले जाते हैं और पशुओं के इलाज में उल्टी-सीधी दवा के देकर उनसे मोटी रकम वसूल लेते हैं पशु अस्पताल में सब कुछ खुलेआम हो रहा है लेकिन फिर भी पशु चिकित्सक लापरवाह बने हुए हैं चचाओं पर जाएं तो कथित पशु चिकित्सकों से पशु अस्पताल के सरकारी चिकित्सक वसूली में हिस्सेदार है दलाली के आड़ में काम आने वाले लोगों से सरकारी चिकित्सक की वसूली आम जन जन की जुबान में है पशु अस्पताल में अव्यवस्था से पशुपालक परेशान हो चुके हैं और मामले की शिकायत मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से की है

# मुख्य विकास अधिकारी ने की जिला पोषण समिति की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

कौशाम्बी मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा के दौरान सभी सीडीपीओ को बीडीओ एवं एडीओ (पंचायत) के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों में आधारभूत सुविधाओं-पेयजल व विद्युत कनेक्शन आदि सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर सामुदायिक गतिविधियों के तहत 06 दिसम्बर को वजन दिवस 13 दिसम्बर को अन्नप्राशन दिवस एवं 27 दिसम्बर 2022 को गोद भराई दिवस का आयोजन किया जायेंगा तथा पोषण माह के दौरान जनपद में कुल 296 ऑगनबाड़ी केन्दों पर पोषण वाटिकाओं का निर्माण किया गया है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने वजन दिवस पर अधिकारियो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर उनकी देख-रेख में कार्यक्रम को सम्पन्न कराने के निर्देश दियें तथा और अधिक ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण वाटिकाओं का निर्माण कराने के निर्देश दियें मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को सैम बच्चों का चिन्हांकन कर सुपोषित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय पोषण समिति की बैठक कराने के भी निर्देश दियें इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं जिला पंचायत राज अधिकारी बालगोविन्द श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें

# रसोईया नियुक्ति में रातोंरात बदल गई घोटाले की रकम

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले के चार विकासखंड क्षेत्र सिराथू मंझनपुर मूरतगंज सरसवा के सरकारी विद्यालयों में रसोईया की नियुक्ति के मामले में बड़े खेल उजागर हो चुके हैं लेकिन अभी इससे बड़े और खेल उजागर होने की उम्मीद जताई जाती है गबन का खेल उजागर होने के बाद नए खेल खेलना फिर विभागीय लोगों को शुरू कर दिया है जिले के अन्य चार विकासखंड क्षेत्रों में रसोइया नियुक्ति की जांच नहीं हुई है अन्य विकास खंड क्षेत्र कड़ा कौशाम्बी चायल नेवादा के सरकारी स्कूल के रसोइया नियुक्ति की जांच हुई तो इससे बड़े खेल उजागर होने की उम्मीद है घोटाले की रकम में रातोंरात परिवर्तन कैसे हो गया यह एक अलग जांच का विषय है।

### सरकारी रकम में घोटाला करने वाले वर्तमान और पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी के घर कब चलेगा योगी सरकार का बुलडोजर

सरकारी विद्यालयों में रसोईया की नियुक्ति किए जाने के बाद उनके वेतन दिए जाने का निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया जाता है लेकिन फर्जी तरीके से रसोइया की नियुक्ति में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने भी फर्जी वेतन भुगतान की अनुमति दे दी बेसिक शिक्षा अधिकारी बदल गए और दूसरे बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया लेकिन बिना नियुक्ति रसोइया की फर्जी वेतन भुगतान बीएसए कार्यालय से लगातार किया जाता है मामले की शिकायत हुई आला अधिकारियों ने जांच कराई जांच में तमाम रसोईया की फर्जी नियुक्ति का खुलासा हुआ तमाम कर्मचारी बर्खास्त किए गए तमाम लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए सूचना अधिकारी द्वारा खबर भेज कर बताया गया कि 34 लाख 80 हजार रुपए का गबन हुआ है लेकिन कुछ देर बाद गबन की रकम सिकुड़ कर 7 लाख 42 हजार हो गयी सूचना अधिकारी ने संशोधित विज्ञप्ति भेजकर गबन की रकम 7 लाख 42 हजार रुपए बताई अब सवाल उठता है कि आखिर रातों-रात गबन की रकम में इतनी तेजी से परिवर्तन कैसे हुआ जब मामले की शिकायत पर अधिकारियों ने जांच कराई जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोप तय हुए कई कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया कई कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दे दिए गए खंड शिक्षा अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए शासन स्तर को पत्र भेज दिया गया उसके बाद अचानक गबन की रकम सिकुड़ कर 7 लाख 42 हजार रुपए कैसे हों गयी यह अलग जांच का विषय है लेकिन सबसे अहम बात यह है कि इस मामले में तत्कालीन बेसिक शिक्षा अधिकारी और वर्तमान बेसिक शिक्षा अधिकारी पर मुकदमा दर्ज करा कर उन्हें निलंबित नही किया गया उनके खिलाफ शासन को पत्र नहीं भेजा गया है आम जनता योगी सरकार की व्यवस्था पर सवाल उठा रही है कि सरकारी रकम में गबन करने वाले पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी और वर्तमान बेसिक शिक्षा अधिकारी पर मुकदमा दर्ज कराते हुए उनकी गिरफ्तारी कराते हुए सरकार की रकम में गबन करने वाले के घर पर योगी सरकार का बुलडोजर कब चलेगा जबकि छोटे-छोटे मामले में योगी सरकार के अधिकारी बुलडोजर लेकर गरीब कमजोर के घर गिराने को दौड़ रहे हैं।



स्वास्थ्य शिविर का आयोजन।

# जगत नारायण इण्टर कॉलेज में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** चन्द्रशेखर सिंह आयुर्वेद संस्थान एवं चिकित्सालय, कोइलहा द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन रूद्रा फॉउण्डेशन की संस्था पण्डित जगत नारायण इण्टर कॉलेज, रामदयालपुर, काजू में 29 नवम्बर को किया गया। इस अवसर का विद्यालय के आस पास के तमाम गरीब, बेसहारा लोगों एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य शिविर में इलाज जाच का भरपूर लाभ लिया। शिविर में आये लोगों की निशुल्क जाँच एवं दवा वितरण किया गया। इस आयोजन में रूद्रा एडमिन प्रभाकर दुबे, प्रधानाचार्या रेखा मिश्रा, विनय गिरि, मुदितमन, राजेश शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे एवं सभी ने कहा कि विद्यालय में ऐसे प्रोग्राम होते रहना चाहिए। रूद्रा फॉउण्डेशन के तकनीकी सलाहकार अंजनी कुमार त्रिपाठी ने आयी हुई चिकित्सालय की टीम का धन्यवाद किया एवं आभार व्यक्त किया।

# श्रीकृष्ण बाल लीला का वर्णन सुन श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

## मइया मोरी मै नही माखन खायों, भोर भयो गइयन के पाछे मधुबन मोही पठायो

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर मुख्यालय में चौधरी बैजनाथ नगर के एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण बाल लीला का सुंदर चित्रण किया गया। कथावाचक पं0 अखिलेश जी महाराज ने गुरूवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी की कथा श्रद्धालुओं को सुनाई गुरूवार को कथावाचक पं0 अखिलेश जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के बारे में अवगत कराते हुए आगे कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। श्रीकृष्ण सभी का मन-मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो, तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे। महाराज जी कहते है कि



भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालु।

ह्लमइया मोरी मै नही माखन खायों, भोर भयो गइयन के पाछे मधुबन मोही पठायोह्व कि मैंने माखन नहीं खाया। भगवान कृष्ण अपनी सखाओं और गोप-ग्वालों के साथ गोवर्धन पर्वत पर गए थे। वहां पर गोपिकाएं 56 प्रकार का भोजन रखकर नाच गाने के साथ उत्सव मना रही थीं। कृष्ण के पूछने पर उन्होंने बताया कि आज के ही दिन देवों के स्वामी इंद्र का पूजन होता है। इसे इंद्रोज यज्ञ कहते हैं। इससे प्रसन्न होकर इंद्र व्रज में वर्षा करते हैं, जिससे प्रचुर अन्न पैदा होता है। भगवान कृष्ण ने कहा कि इंद्र में क्या शक्ति है। उनसे अधिक शक्तिशाली तो हमारा गोवर्धन पर्वत है। इसके कारण ही वर्षा होती है, अत हमें इंद्र से बलवान गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए। बहुत विवाद के बाद श्री कृष्ण की यह बात मानी गई और व्रज में गोवर्धन पूजा की तैयारियां शुरू हो गईं। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति के सागर में मंत्रमुग्ध दिखे। कथा के अंत में मुख्य यजमान विट्टन देवी एवं शारदा प्रसाद गुप्ता भुर्जी ने संयुक्त रूप से आरती में भाग लिया। मौके पर ज्ञानचन्द्र गुप्ता भुर्जी, रोहित गुप्ता, दिनेश पाण्डेय, शिवरतन गुप्ता, जगदीश गुप्ता, जय प्रकाश मिश्र, आलोक तिवारी, चन्द्रबहादुर, जितेन्द्र गुप्ता, संतोष कुमार, खेमलाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहें।

### गाली बाज हुई कड़ा धाम कोतवाली पुलिस

**कौशाम्बी।** पुलिस अधिकारियों के यहां फरियादियों की शिकायत करने के बाद कड़ा धाम कोतवाली पुलिस उत्तेजित हो जाती है उसे पुलिस अधिकारियों के नाम से चिढ़ है या फिर अपराधियों से उसकी गहरी सांठगांठ होती है यह बड़ी जांच का विषय है हब्बू नगर की सुग्गी देवी और श्रीमती ने 28 नवंबर को एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर ग्राम प्रधान पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की थी एसपी कार्यालय ने मामले को कड़ा धाम कोतवाली पुलिस के पास भेजा जैसे ही कड़ा धाम कोतवाली को शिकायती पत्र मिला उसने महिला को फोन करके बुला लिया थानेपहुंचने के बाद महिला के साथ गाली गलौज अभद्रता कड़ा धाम कोतवाली पुलिस ने की है ।

# सीओ के साथ मंझनपुर

कोतवाल ने किया पैदल गस्त

कौशाम्बी प्रतिदिन की तरह बुधवार को भी क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के साथ कोतवाल और पुलिस टीम ने मंझनपुर कस्बे और उसके आसपास के क्षेत्र में पैदल गस्त किया पैदल गश्त के दौरान उन्होंने वाहन चालकों को कानून का पाठ पढ़ाया और संदिग्ध वस्तु और संदिग्ध वाहनों की पुलिस टीम ने चेकिंग की और आम जनमानस को सुरक्षा का अहसास दिलाते हुए लोगों को कानून का पाठ पढ़ाया। क्षेत्राधिकारी मंझनपुर प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर एवं उपनिरीक्षक गण मय हमराही पुलिस बल थाना मंझनपुर के साथ कस्बा मंझनपुर में पैदल गस्त करके शराब की दुकान टैक्सी स्टैंड बस स्टैंड चौराहे एवं बाजारों में संदिग्ध व्यक्ति संदिग्ध वस्तु संदिग्ध वाहन एवं यातायात व्यवस्था शांति व्यवस्था हेतु सघन चेकिंग कराई गई एवं जनता के व्यक्तियों से बातचीत कर सुरक्षा का एहसास कराया गया

# आरोपी से शादी करके प्रताड़ना झेल रही युवती

**कौशाम्बी।** छेड़खानी के आरोपी सोनू पुत्र छेददन निवासी भीखपुर मेड़वाड़ा थाना पिपरी के साथ पीड़ित बालिका रीना पुत्री जागेश्वर निवासी शेखपुर रसूलपुर थाना चरवा ने डेढ़ साल पहले शादी कर लिया लेकिन मुकदमा अभी विचाराधीन है ससुराल पहुंची युवती से दहेज की डिमांड बढ़ गयी दहेज की डिमांड ना पूरी होने पर युवती रीना के साथ मारपीट अत्याचार आए दिन होने लगा मामले को लेकर पीड़ित युवती रीना क्षेत्राधिकारी चायल से मिली है और पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने के लिए तहरीर दी है रीना का कहना है कि ससुरालीजन हर दिन दहेज के लिए मारते पीटते है और मुझे अपने घरवालों से दहेज के लिए कहने को कहते है मेरे न कहने पर जान से मारने की धमकी देते है रीना का कहना ह।




सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी

# सेवानिवृत पुलिस कर्मियों को एसपी ने माल्यार्पण कर किया बिदा

**अखंड भारत संदेश**


**कौशाम्बी** पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों को गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ने पुष्प माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेट कर प्रशस्ति पत्र देकर ससम्मान विदाई की वही पिपरी कोतवाली के चौकी चायल में आरक्षी पद पर तैनात मनोज कुमार शुक्ला भी सेवानिवृत्त हो गए जिनको पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार ने सम्मानित किया और इनकी कार्य की प्रशंसा करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान चायल चौकी इंचार्ज अयोध्या प्रसाद ने पुलिस चौकी में उन्हें सम्मानित किया और उनके कार्य की प्रशंसा भी किया इस दौरान उपनिरीक्षक शिव शंकर पांडेय, हेड. कॉन्टेबल दिनेश तिवारी कॉ. राम कुमार गुप्ता, का. कुलदीप हेड. का. धर्मेंद्र, का. नितेंद्र बघेल, का. जितेंद्र सिंह, सहित सभी स्टॉप मौजूद रहे।

## संपादकीय

# श्रद्धा के गिद्ध-भोज के लिए जुटान

**श्रद्धा,** आयुषी, साधना, शिल्पा और सरस्वती को इंसाफ मिलना चाहिए। अपराधियों को जल्द से जल्द अधिकतम संभव सजा मिलनी ही चाहिए। जो इन लगभग एक जैसी हत्याओं के अपराध की जघन्यता की बजाय अपराधी का धर्म देखकर अपना रुख तय करते हैं, वे भी शरीके जुर्म हैं। उन्हें बेनकाब और अलग थलग किया जाना चाहिए। यह पक्का किया जाना चाहिए कि उन्नाव और बदायूं के ऐसे ही अपराधियों की तरह वे छूट नहीं जाएंगे। दिल्ली के महरौली में 27 वर्ष की युवती श्रद्धा वाल्कर के साथ हुई वीभत्सता ने पूरे देश को स्तब्ध करके रख दिया है। उसकी पहले निर्ममता के साथ हत्या की गई उसके बाद उसके शरीर टुकड़े-टुकड़े करके अलग-अलग दिन इधर-उधर फेंक दिए गए। हत्यारा- जो श्रद्धा का लिव इन पार्टनर- था, गिरफ्तार किया जा चुका है। श्रद्धा अकेली नहीं हैं 'यत्र नारी पूज्यन्ते तत्र रमन्ते देवता' का जाप करने वाले देश में अकेले नवम्बर महीने में, अभी तक इस तरह की 5 वारदातें घट चुकी हैं। इसी दिल्ली के बदरपुर में एक 22 साल की लड़की आयुषी की पहले निर्ममता से पिटाई की गई और उसके बाद सीधे सीने में गोली मारकर हत्या करके लाश को ठिकाने लगाने के लिए सूटकेस में बंद कर मथुरा जिले में यमुना एक्सप्रेस वे पर छोड़ दिया गया। आयुषी का अपराध अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनना था और उसके साथ यह वारदात अंजाम देने वाला खुद उसका पिता था। तीसरी वारदात आजमगढ़ के पश्चिम पट्टी गांव की है जहां दो वर्षों तक साथ रहने वाली साधना प्रजापति को छोड़कर जब उसका पार्टनर विदेश चला गया और इस बीच साधना ने किसी और से शादी कर ली तो उसके उस कथित पूर्व प्रेमी प्रिंस यादव ने उसे वापस लाने में असफल रहने पर गला दबाकर हत्या कर दी और उसके बाद उसकी देह के 5 टुकड़े कर दिए। कटे हुए हाथ-पांव कुएं में डाल दिए और सिर को गांव से करीब 6 किलोमीटर दूर एक पोखर में फेंक दिया। फिलहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। मध्यप्रदेश में इस तरह की दो घटनाएं घटीं। जबलपुर में 25 साल की युवती शिल्पा झरिया की पहले गला काटकर हत्या की गई इसके बाद उसके तीन वीडियो शूट किए गए , जिसमें बिना किसी ग्लानि भाव के उसके हत्यारे कथित प्रेमी अभिजीत पाटीदार ने बाकायदा रनिंग कमेंट्री करते हुए-'बाबू स्वर्ग में फिर मिलेंगे' का फेयरवेल सन्देश भी रिकॉर्ड किया है। मध्यप्रदेश के ही शहडोल में एक पति राम किशोर पटेल अपनी पत्नी सरस्वती पटेल को जंगल में ले गया और कुल्हाड़ी से काटकर उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए।

# सरकार और अदालत में भिड़ंत



डॉ. वेदप्रताप वैदिक


**भारत** की कार्यपालिका और न्यायपालिका में आजकल भिड़ंत के समाचार गर्म हैं। भारत के सर्वोच्च न्यायालय का कहना है कि जजों की नियुक्तियों में सरकार का टांग अड़ाना बिल्कुल भी उचित नहीं है जबकि मोदी सरकार के कानून मंत्री किरन रिजिजू का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश-परिषद (कालेजियम) अगर यह समझती है कि सरकार जजों की नियुक्ति में टांग अड़ा रही है तो वह उनकी नियुक्ति के प्रस्ताव उसके पास भेजती ही क्यों है? कानून मंत्री के इस बयान ने हमारे जजों को काफी नाराज कर दिया है। वे कहते हैं कि जजों की नियुक्ति में सरकार को आनाकानी करने की बजाय कानून का पालन करना चाहिए। कानून यह है कि न्यायाधीश परिषद जिस जज का भी नाम न्याय मंत्रालय को भेजे, उसे वह तुरंत नियुक्त करे या उसे कोई आपत्ति हो तो वह परिषद को बताए लेकिन लगभग 20 नामों के प्रस्ताव कई महिनों से अधर में लटके हुए हैं। न सरकार उनके नाम पर हाँ कहती है और न ही ना कहती है। अजब पर्दा है कि वह चिलमन से लगी बैठी है। जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने उस 99 वें संविधान संशोधन को 2015 में रद्द कर दिया था, जिसमें राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग को अधिकार दिया गया था कि वह जजों को नियुक्त करे। इस आयोग में सरकार की पूरी दखलंदाजी रह सकती थी। अब पिछले साल सर्वोच्च न्यायालय ने 3-4 माह की समय-सीमा तय कर दी थी, उन नामों पर सरकारी मोहर लगाने की, जो भी नाम न्यायाधीश परिषद प्रस्तावित करती है। इस वक्त सरकार ने 20 जजों की नियुक्ति-प्रस्ताव वापस कर दिए हैं, उसमें एक जज घोषित समलैंगिक हैं और वह भी ऐसे कि जिनका भागीदार एक विदेशी नागरिक है। इसके अलावा सरकार और सामान्य लोगों को भी यह शिकायत रहती है कि ये जज परिषद अपने रिश्तेदारों और उनके मनपसंद वकीलों को भी जज बनवा देती है। न्यायपालिका में राजनीति की ही तरह भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार किसी न किसी तरह पनपता रहता है। जजों की नियुक्ति में सत्तारुढ़ नेताओं की भी दखलंदाजी भी देखी जाती है। वे अपने मनपसंद वकीलों को जज बनवाने पर तुले रहते हैं और जो जज उनके पक्ष में फैसले दे देते हैं, उन्हें पुरस्कार स्वरूप पदोन्नतियां भी मिल जाती हैं। ऐसे जजों को सेवा-निवृत्ति के बाद भी राज्यपाल, उप-राष्ट्रपति, किसी आयोग का अध्यक्ष या राज्यसभा का सदस्य आदि कई पद थमा दिए जाते हैं।

सरकारी हस्तक्षेप के ये दुष्प्रभाव तो सबको पता हैं लेकिन यदि न्यायाधीशों की नियुक्ति भी सीधे सरकार करने लगेगी तो लोकतांत्रिक शक्ति-विभाजन के सिद्धांत की घोर अवहेलना होने लगेगी। यदि सरकार को न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार दे दिया जाए तो क्या न्यायाधीशों को भी यह अधिकार दिया जाएगा कि वे राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों की नियुक्ति में भी हाथ बंटाएं? अमेरिका जैसे कुछ देशों में वरिष्ठ जजों की नियुक्ति राष्ट्रपति ही करता है। वे जीवनपर्यंत जज बने रह सकते हैं। भारत की न्यायिक नियुक्तियां अधिक तर्कसंगत और व्यावहारिक हैं। वे संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुकूल भी हैं। सरकार को जजों की नियुक्ति पर या तो तुरंत मोहर लगानी चाहिए या न्यायाधीश परिषद के साथ बैठकर स्पष्ट संवाद करना चाहिए।

# एड्स पर भारी जीवन की जिजिविषा



अरविंद जयतिलक



> वर्ल्ड हेल्थ आगेर्नाइजेशन का कहना है कि एचआईवी संक्रमण की सबसे ज्यादा संभावना संक्रमित व्यक्ति के साथ यौन संपर्क से होती है। लेकिन आश्चर्य है कि सुरक्षित यौन संबंध के प्रचार-प्रसार के बावजूद भी लोग चेतने को तैयार नहीं। युवा वर्ग तो और भी गंभीर नहीं है। विभिन्न सर्वेक्षणों के आंकड़े बताते हैं कि देश के बड़े महानगरों में संक्रमित यौनकर्मियों की तादाद में लगातार इजाफा हो रहा है

**आज** विश्व एड्स दिवस है। हर वर्ष एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। चूंकि विगत डेढ़-दो वर्ष के कालखंड में कोविड-19 महामारी से वैश्विक समुदाय अभिशप्त रहा है, ऐसे में यह दिवस ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। अच्छी बात है कि इसके बावजूद भी एड्स जैसी खतरनाक बीमारी पर जीवन का उत्साह बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र संघ की अपने कार्यक्रम यूएनएड्स की रिपोर्ट पर विश्वास करें तो विश्व में एड्स से होने वाली मौतों में 48 प्रतिशत की कमी आयी है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2020 तक खुद के एचआइवी संक्रमण के बारे में लोगों के आंकड़े को 90 प्रतिशत तथा 90 प्रतिशत संक्रमितों तक इलाज पहुंचाने और एचआइवी संक्रमित लोगों में वायरस का प्रभाव 90 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखा जिसमें काफी हद तक कामयाबी मिली है। संयुक्त राष्ट्र ने 2030 तक एड्स बीमारी के खात्मे का लक्ष्य भी सुनिश्चित किया है। एड्स पीड़ित वैश्विक आंकड़ों पर गौर करें तो मौजूदा समय में लैटिन अमेरिका में 17 लाख, पूर्वी यूरोप एवं मध्य एशिया में 15 लाख, खाड़ी देश व उत्तर अफ्रीका में 2.8 लाख, पूर्वी, मध्य यूरोप व उत्तरी अमेरिका में 24 लाख, एशिया व प्रशांत क्षेत्र में 50 लाख, कैरेबियाई देश में 2.4 लाख तथा उप-सहारा क्षेत्र में 2.58 करोड़ एड्स पीड़ित हैं। संयुक्त राष्ट्र के एचआइवी/एड्स पर यूएनएड्स की रिपोर्ट पर विश्वास करें तो भारत एचआइवी संक्रमित लोगों का तीसरा सबसे बड़ा घर बन है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में एचआइवी पीड़ितों की संख्या 21 लाख से अधिक है और उसमें तेजी से वृद्धि हो रही है। जबकि एक अन्य आंकड़े के मुताबिक इस समय देश में 20 लाख से अधिक लोग एचआईवी से पीड़ित है। एड्स किस तरह जानलेवा साबित हो रहा है इसी से समझा जा सकता है कि पिछले साल इससे दुनिया भर में 11 लाख लोगों की मौत हुई। विडंबना यह कि एड्स अब सीमित समूहों और शहरों तक सीमित न रहकर गांवों और कस्बों को भी अपने जद में लेने लगा है। त्रासदी यह कि एड्स पीड़ितों में तकरीबन 1.9 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्हें पता ही नहीं कि वे एचआईवी संक्रमित हैं। यह स्थिति एड्स के खिलाफ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अभियान की गंभीरता और सफलता की पोल खोलता है। लेकिन अच्छी बात यह है कि एड्स से निपटने के लिए अब धन की कमी आड़े नहीं आ रही है और मध्य आय वाले देशों ने एड्स से निपटने के लिए 2020 तक 26 अरब डॉलर खर्च करने की कार्ययोजना तैयार करने के अलावा 90 फीसद मरीजों तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया है। 2014 में इन देशों ने एड्स पीड़ित मरीजों के इलाज पर 19.2 अरब डॉलर खर्च किया। लेकिन विडंबना यह है कि एड्स से बचाव के लिए सरकारी और गैरसरकारी स्तर पर जागरुकता कार्यक्रमों में तेजी के बाद भी बचाव की दर सिर्फ 0.34 फीसद ही है। बेहतर होगा कि संयुक्त राष्ट्र संघ, सरकारें और स्वयंसेवी संस्थाएं एड्स से बचाव के प्रभावी कदम उठाने के साथ ही लोगों को यह भी बताएं कि एड्स क्या है। यह सच्चाई है कि एड्स के बारे में लोगों को पर्याप्त जानकारी नहीं है और उसी का नतीजा है कि 1981 में एड्स की खोज से अब तक लगभग 30 करोड़ लोगों की जान जा चुकी है। आमतौर पर एड्स के संक्रमण की तीन मुख्य वजहें हैं-असुरक्षित यौन संबंध, रक्त का आदान प्रदान और मां से शिशु में संक्रमण। लेकिन यूनिसेफ की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में एड्स के तेजी से बढ़ते संक्रमण का एक अन्य कारण लोगों की बदलती जीवन शैली तथा युवाओं में रोमांच के लिए जोखिम लेने की प्रवृत्ति भी है। चिकित्सा वैज्ञानिकों की मानें तो भारत में 85.6 फीसदी एड्स पाश्चात्य जीवन पद्धति अपनाने से फैल रही है। इस लिहाज से 24 से 45 वर्ष के आयु के लोगों के इस बीमारी की चपेट में आने की आशंका सदैव बनी रहती है। वर्ल्ड हेल्थ आगेर्नाइजेशन का कहना है कि एचआईवी संक्रमण की सबसे ज्यादा संभावना संक्रमित व्यक्ति के साथ यौन संपर्क से होती है। लेकिन आश्चर्य है कि सुरक्षित यौन संबंध के प्रचार-प्रसार के बावजूद भी लोग चेतने को तैयार नहीं। युवा वर्ग तो और भी गंभीर नहीं है। विभिन्न सर्वेक्षणों के आंकड़े बताते हैं कि देश के बड़े महानगरों में संक्रमित यौनकर्मियों की तादाद में लगातार इजाफा हो रहा है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक मुंबई के 70 फीसद यौनकर्मियों के शरीर में एचआईवी वायरस पाया गया है। इसी तरह सूरत में किए गए एक सर्वेक्षण से खुलासा हुआ है कि वहां के यौनकर्मियों के शरीर में एचआईवी वायरस बढ़कर 43 फीसद हो गया है। यह एक खतरनाक संकेत है। देखा जाए तो इस स्थिति के लिए एड्स के विरुद्ध अभियान को गंभीरता से न लिया जाना ही मुख्य रुप से जिम्मेदार है। 2001 में राष्ट्रीय आचरण सर्वेक्षण (नेशनल बिहैवियर सर्वे) में 85000 लोगों से उनके यौन आचरण से जुड़े सवाल पूछे गए। इनमें 50 फीसद से अधिक लोग 25 से 40 वर्ष के थे, के द्वारा बताया गया कि उन्हें एड्स के बारे में बहुत कम जानकारी है। बिहार, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल और मध्यप्रदेश में सिर्फ 60 फीसद लोगों ने ही एड्स का नाम सुना था। सर्वे के मुताबिक देश के अन्य हिस्सों में भी एड्स संबंधी जानकारी सिर्फ 70 से 80 फीसद लोगों को थी। यही नहीं वे इस जानकारी से भी वंचित थे कि एड्स यौन संपर्क से भी होता है। 90 फीसद लोगों का मानना था कि एड्स मच्छर के काटने से भी हो सकता है। यह सर्वेक्षण रेखांकित करता है कि देश के एक बड़े हिस्से में आज भी लोगों के बीच एड्स के बारे में समुचित जानकारी का अभाव है। एचआईवी के संक्रमण का दूसरा सबसे बड़ा प्रमुख कारण रक्त संक्रमण माना जाता है। यह किसी से छिपा नहीं है कि चेतावनी के बावजूद भी देश के अस्पतालों में एचआईवी संक्रमित व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल की हुई सुई का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है जिससे एचआईवी का जोखिम बढ़ता जा रहा है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक देश में महिलाओं पर एचआईवी भार 39 फीसद है। यूनिसेफ की रिपोर्ट में भी कहा गया है कि एचआईवी पीड़ित दंपतियों में प्रसव के दौरान प्रिवेंशन ऑफ पैरेंटस टू चाइल्ड ट्रांसमिशन तकनीकी का प्रयोग करने के बाद भी 5 फीसद मामले संक्रमित बच्चों के देखने को मिल रहे हैं। रिपार्ट में बताया गया है कि 27 मिलीयन महिलाएं हर वर्ष बच्चों को जन्म देती हैं जिनमें 49000 महिलाएं एचआईवी संक्रमित होती हैं। देश में 21000 हजार बच्चे प्रतिवर्ष माता-पिता के कारण एचआईवी संक्रमण का शिकार होते हैं। एचआईवी का संक्रमण रोकने के लिए 2006 में नेशनल पीडियाट्रिक एन्टीरेट्रो तकनीकी आरंभ हुआ। अब तक देश में इसके चार सौ से अधिक एआरटी सेंटर भी स्थापित हो चुके हैं। लेकिन इस तकनीक के बाद भी आज बचाव की दर सिर्फ 0.2 फीसद है। इसे ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट में इस जानलेवा महामारी से बचने के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को अमल में लाने के साथ ही सामाजिक कार्यक्रमों एवं शिक्षा के जरिए इसके रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने की जरुरत पर बल दिया गया है। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय समाज में यौन विषयों पर चर्चा शुरू से वर्जना का विषय रहा है और जिसका नतीजा यह है कि लोगों के बीच एड्स को लेकर भ्रम की स्थिति है। यही नहीं समाज में इस बीमारी से ग्रसित लोगों से असहिष्णुता का व्यवहार किया जाता है। यह मानवता के विरुद्ध है। हालांकि अब लोगों में एड्स और इससे पीड़ित लोगों को लेकर जागरुकता और संवेदनशीलता दोनों बढ़ी है। आमजन को समझना होगा कि एड्स स्वयं में कोई रोग नहीं बल्कि एक संलक्षण है जो मनुष्य की अन्य रोगों से लड़ने की क्षमता को घटा देता है। बेहतर होगा कि संयुक्त राष्ट्र संघ, विश्व के सभी देश एवं स्वयंसेवी संस्थाएं एड्स की रोकथाम के लिए लोगों को जागरुक बनाएं और साथ ही प्रभावी इलाज की व्यवस्था सुनिश्चत करें।

# काशी-तमिल संगमम: साझा ज्ञान, साझा परंपराएं



कर्नल युवराज मलिक,
निदेशक-राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत

**"बनारस की पवित्रता एक वास्तिवकता और आस्था दोनों है ... सच्ची गंगा आपके भीतर है।"**
**-रमण महर्षि**

**असंख्य** भाषाओं, सांस्कृतिक परंपराओं और भौगोलिक परिदृश्यों का घर, भारत हमेशा सर्वोत्कृष्ट विभिन्न रूपकों के एकरूपता वाले समाज के रूप जाना जाता है। यह साझा विरासत के लिए जाना जाता है और सतत भारतीय समाज की विशेषताओं को व्यापार, यात्रा और विज्ञान में विकास के माध्यम से सतत स्थापित करता रहा है . बनारस में यह प्रक्रिया युगों से आगे बढ़ा रही है। ऐसा ही एक पहलू यह भी है कि काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराना संबंध है, जिसे इन दिनों काशी-तमिल संगमम में मनाया जा रहा है, जिसे भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा 17 नवंबर से 16 दिसंबर, 2022 तक आयोजित किया जा रहा है। इस महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा था - " संगमों का हमरी देश में अत्यधिक महत्त्व है , वह संगम चाहे नदियों का हो या ज्ञान और विचारों का । यह संगमम भारत की वैविध्यपूर्ण संस्कृतियों का उत्सव है। यह विभिन्न राज्यों के समान सांस्कृतिक संबंधों की खोज और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संदेश को बढ़ाने के लिए दिशा प्रदान करता है। इन दो धाराओं के सम्बन्ध पांड्यों के प्राचीन काल से लेकर काशी के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में से एक बीएचयू की नींव तक रहे है . और वर्तमान में दोनों के बीच संबंध, शिक्षा की आदरणीय पीठ के रूप में सजीव हैं .

गुरुवार रवींद्रनाथ टैगोर ने एक बार कहा था, "यदि ईश्वर की इच्छा होती, तो सभी भारतीय एक ही भाषा बोलते... भारत की शक्ति अनेकता में एकता रही है और हमेशा रहेगी।" देश में आज 19500 से अधिक भाषा -बोलियाँ बोली जाती हैं , जिनमें काशी और तमिलनाडु दुनिया की सबसे पुरानी भाषाओं-संस्कृत और तमिल के केंद्र रहे हैं। सुब्रमण्यम भारती जैसे दिग्गज काशी में रहे, उन्होंने संस्कृत और हिंदी सीखी और स्थानीय संस्कृति को समृद्ध किया और तमिल में व्याख्यान दिए। विभिन्न जीवंत परंपराओं के इस तरह के आत्मसात करने से ही भारत सांस्कृतिक लोकाचार की विशेषता वाले समकालिक संपूर्णता को बनाए रखने में सक्षम रहा है । भारतीय सभ्यता के इतिहास में काशी और तमिलनाडु दोनों को, ज्ञान -अन्वेषण , एक जीवंत भाषाई परंपरा के विकास और आध्यात्मिकता के प्रसार में उनके योगदान के लिए उच्च स्थान प्राप्त है । 15वीं शताब्दी में, शिवकाशी की स्थापना करने वाले राजवंश के वंशज राजा अधिवीर पांडियन ने दक्षिण-पश्चिमी तमिलनाडु के तेनकासी में उन भक्तों के लिए शिव मंदिर बनवाया, जो काशी की यात्रा नहीं कर सकते थे। उसके बाद , 17 वीं शताब्दी में तिरुनेलवेली में पैदा हुए श्रद्धेय संत कुमारगुरुपारा ने काशी पर कविताओं की व्याकरणिक रचना ॾकाशी कलमबकमॾ लिखी और कुमारस्वामी मठ की स्थापना की। इस आदान-प्रदान ने न केवल दो क्षेत्रों के लोगों को अलग-अलग रीति-रिवाजों से परिचित कराया, बल्कि इसने परंपराओं के बीच की सीमाओं को इतना सहज और गतिशील बना दिया, जिससे वे एक - दूसरे में समाहित होते थे। काशी और तमिलनाडु दोनों महत्वपूर्ण मंदिरों के शहरों के रूप में उभरे हैं, जिनमे काशी का विश्वनाथ मंदिर और रामनाथस्वामी मंदिर जैसे सबसे शानदार मंदिर शामिल हैं। प्रसिद्ध लेखक और व्यवसायी एस.एम.एल. लक्ष्मणन चेट्टियार (1921-1986) का जन्म शिवगंगा में हुआ था और उन्होंने काशी से लेकर रामेश्वरम तक के भारत के प्रमुख मंदिरों पर लगभग 20 कुंभाभिषेकम संस्करणों का संकलन किया था। यह महत्वपूर्ण कार्य वर्षों की व्यापक यात्रा और अन्य क्षेत्रों की परंपराओं को आत्मसात करने के बाद संभव हो पाया । 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक ओर परंपराओं और दूसरी ओर वैज्ञानिक विकास को साथ रख कर सीखने का परिवेश निर्मित करती है . इस नीति में स्वदेशी ज्ञान मजबूती से निहित है जो वैश्विक प्रगति के साथ तालमेल रखता है। काशी और तमिलनाडु के बीच के संबंध सभी क्षेत्रों में फैले हुए हैं और उनके बीच सक्रिय अकादमिक, साहित्यिक और कलात्मक संवाद का इतिहास रहा है। जहां काशी ने पंडित परम्परा को स्थापित किया, वहीं तमिलनाडु ने तमिल इलक्कियापरंबराई (तमिल साहित्यिक परंपरा) का उदय देखा। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के शिलान्यास समारोह में महान वैज्ञानिक सीवी रमन जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे और भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन इसके कुलपति थे। काशी और चेन्नई दोनों को यूनेस्को द्वारा ॾसंगीत के सृजनात्मक शहरोंॾ के रूप में मान्यता दी गई है और इस शानदार संबंध को इस रूप में देखा जा सकता है कि महान गायक, अभिनेत्री और भारत रत्न से सम्मानित एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी ने काशी की प्रसिद्ध हिंदुस्तानी गायिका सिद्धेश्वरी देवी से संगीत सीखा था। किसी स्थान की संस्कृति का सबसे अच्छा अध्ययन और उसकी सौंदर्य परंपराओं द्वारा परिभाषित किया जा सकता है और इन दोनों स्थानों ने साझा कला और साहित्य के समृद्ध कोष को संरक्षित और पोषित किया है। प्राचीन काल से ही समाजों का उद्भव और विकास नदियों के आसपास हुआ है।

परिवहन, व्यापार और वाणिज्य हो या फिर कविता;, सभी क्षेत्रों में नदियाँ केंद्र में रही हैं । काशी और तमिलनाडु दो सबसे संपन्न नदियों, गंगा और कावेरी, जिसे दक्षिण गंगा भी कहते हैं ; के कारण से विशिष्ट हैं। इन नदियों के तट के समाज में उन नदियों की पवित्रता समाहित है और इनमें एक प्रकार की सांस्कृतिक और दार्शनिक एकता प्रदर्शित होती हैं। इसने न केवल उनका सामाजिक-आर्थिक उत्थान हुआ बल्कि इसके परिणामस्वरूप कला और साहित्य के प्रमुख कार्य भी हुए हैं। जब हमें विरासत में इस तरह का जीवंत इतिहास और जुड़ाव मिला हो तो इसका संरक्षण सर्वोपरि हो जाता है। यह अनिवार्य है कि इस साझा विरासत का ज्ञान युवा पीढ़ी को दिया जाए और उन्हें भारत की सांस्कृतिक और सभ्यतागत लोकाचार के बारे में एक दृष्टिकोण प्रदान किया जाए। महात्मा गांधी ने ठीक ही कहा था, "विविधता में एकता को पाने की हमारी क्षमता ही हमारी सभ्यता की सुंदरता और परीक्षा होगी।" काशी-तमिल संगमम इसी आदर्श को प्राप्त करने का एक प्रयास है। यह देश के दो सिरों, उत्तर और दक्षिण के मिलन का प्रतीक है। यह एक ऐसा स्थान है जहां छात्र, शिक्षक, सभी क्षेत्रों के पेशेवर, और संस्कृति और विरासत के विशेषज्ञ एक साथ आते हैं और इस साझा विरासत के सार को जीवित रखने का प्रयास करते हैं और नए मार्ग बनाने के लिए प्रयास करते हैं। यह साहित्य, पुरातत्व, इतिहास, संगीत वगैरह और किताबों के अनुवाद पर तमिलनाडु से आए मेहमानों के लिए सेमिनार और काशी, अयोध्या और प्रयागराज के दौरों के माध्यम से किया जा रहा है। दोनों शहरों की कलात्मक और सांस्कृतिक विरासत को ध्यान में रखते हुए, कार्यक्रमों में भरतनाट्यम और लोक नृत्य प्रदर्शन, कला-संस्कृति पर प्रदर्शनियां, संगीत और किताबें और दक्षिण भारतीय भोजन और तमिल फिल्मों पर आधारित त्योहार भी शामिल हैं। भारत की पहचान सदियों से चली आ रही काशी-तमिल की तरह समागमों को आत्मसात करने की क्षमता का परिणाम है और ऐसे हजारों सूत्र हैं जो इसे आज की तरह महत्वपूर्ण सम्मिलन का निर्माण करते हैं।

# और अब 100 सिर का रावण !



ऋषभदेव शर्मा



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुजरात में चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना रावण से करके अपनी ही पार्टी की फजीहत का सामान मुहैया करा दिया है। उन जैसे वरिष्ठ और परिपक्व राजनेता को इतना तो पता ही होना चाहिए कि इस तरह की आवेशपूर्ण बयानबाजी उनके अपने गले का साँप बन सकती है। वैसे सयानों की इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि चुनाव आते ही कांग्रेस का कोई न कोई नामी गिरामी नेता हाथ में कुल्हाड़ी लेकर प्रकट हो ही जाता है, ताकि उससे अपने और कांग्रेस के पैरों पर प्रहार कर सके। खड़गे साहब के बयान का तुरंत यह असर हुआ कि लोगों को उनकी पार्टी के पुराने बयान याद आने लगे। न भी याद आते, तो मीडिया से लेकर भारतीय जनता पार्टी के घाघ प्रवक्ताओं तक सभी तो ऐसे किसी बयान की ताक में बैठे रहते हैं, जिसके सहारे पुराने घावों को कुरेद कर हरा किया जा सके। अब वे याद दिला रहे हैं कि चुनाव कहीं भी हो कांग्रेस का कोई न कोई नेता भारतीय जनता पार्टी या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोई न कोई मुद्दा दे ही देता है। मल्लिकार्जुन खड़गे को वे लोग मणिशंकर अय्यर के नए अवतार के रूप में देख रहे हैं। स्वाभाविक है कि भाजपा अब सोनिया गांधी और राहुल गांधी के भी अतीत के उन विवादित बयानों की चर्चा कर रही है, जिनमें नरेंद्र मोदी को खलनायक बताने की कोशिश की गई थी। ऐसे हर मौके पर देखने में यह आया है कि इन बयानों का कांग्रेस को भारी नुकसान उठाना पड़ा। अगर खड़गे साहब को वह इतिहास याद न भी रहा हो, तो उन्हें यह तो पता ही है कि इस समय भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता शिखर पर है और दुनिया भर में उन्हें एक सफल नायक के रूप में देखा जाता है। स्वाभाविक है कि कम से कम गुजरात के लोगों के लिए तो वे गुजराती अस्मिता के ध्वजवाहक और महानायक हैं। गुजरात में जाकर उनके लिए अपशब्द कहना परिपक्वता का द्योतक नहीं। यह ठीक है कि भाजपा नरेंद्र मोदी के नाम और चेहरे के साथ चुनाव लड़ रही है। इसलिए कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी हो या कोई अन्य विपक्षी दल, वे नरेंद्र मोदी और उनकी कार्य शैली की आलोचना करेंगे ही। उन्हें करनी ही चाहिए। लेकिन आलोचना और अपशब्द के बीच की महीन रेखा का खयाल भी रखना चाहिए। खड़गे साहब को यह नहीं भूलना चाहिए था कि लोग अपने नायकों, महानायकों या श्रद्धा के पात्रों की आलोचना तो सुन लेते हैं, उन पर सोचते भी हैं; लेकिन यह बर्दाश्त नहीं कर पाते कि कोई उन्हें अपशब्द कहे या गली दे जाए। अपने नायक की सर्वत्र उपस्थिति की रावण के सौ सिरों (10 नहीं!) से तुलना कर-के मखौल उड़ाना ऐसे लोगों को कैसे पसंद आ सकता है? भाजपा को इस तरह बैठे बिठाए एक उत्तेजक मुद्दा खुद कांग्रेस अध्यक्ष ने दे दिया। माना कि नरेंद्र मोदी गुजरात या भारत के पर्याय नहीं हैं।

# बिना कोचिंग के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें

विजय गर्ग

**प्रतियोगी** परीक्षाओं की तैयारी के लिए ज्यादातर छात्र कोचिंग क्लास ज्वाइन करना पसंद करते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि कोचिंग सेंटर उन्हें परीक्षाओं के लिए पूरी तरह से तैयार कर देंगे। हालांकि यह कुछ हद तक सही है, कोई भी कोचिंग सेंटर या क्लास आपको किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं कर सकता है, अगर आप खुद मेहनत नहीं करते हैं। कुछ छात्र ऐसे होते हैं जो किसी न किसी कारण से कोचिंग सेंटरों में शामिल नहीं हो पाते हैं। उम्मीदवारों और उम्मीदवारों के बीच यह एक आम सवाल है कि उन्हें कोचिंग सेंटरों में शामिल होना चाहिए या नहीं। ठीक है, यदि आप स्मार्ट-स्टडी विधियों का पालन करते हैं, एक दैनिक समय सारिणी बनाते हैं और उस पर टिके रहते हैं, और लगातार बने रहते हैं, तो आप आसानी से परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त कर सकते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कोचिंग सेंटर आपको विभिन्न शॉर्टकट ट्रिक्स और तरीके प्रदान करते हैं जो परीक्षा में आपकी मदद कर सकते हैं लेकिन जब तक आप मेहनत करने और मेहनत करने के लिए तैयार नहीं होंगे, तब तक कोई भी कोचिंग सेंटर आपकी मदद नहीं कर पाएगा। अगर आप बिना कोचिंग के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं तो हमारे पास आपके लिए कुछ टिप्स हैं जो तैयारी में आपकी मदद कर सकते हैं: 1. सिलेबस को समझें आगे बढ़ने से पहले, सबसे पहले आपको जो करना है वह पाठ्यक्रम को समझना है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए क्वालीफाई करना आसान नहीं है।

# उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने किया फतेहपुर 84 में मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**
**फतेहपुर 84 उन्नाव ।** आगामी निकाय चुनाव संपन्न होने के दृष्टिगत क्षेत्र में उप जिला अधिकारी व क्षेत्र अधिकारी द्वारा किया गया पोलिंग केंद्रों का निरीक्षण।प्राप्त जानकारी के अनुसार बांगरमऊ उप जिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर तथा सफीपुर क्षेत्राधिकारी श्रीमती माया राय ने फतेहपुर 84 क्षेत्र अंतर्गत के बूथ केंद्रों का आने वाले निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत निरीक्षण किया। तथा जिम्मेदारों को निर्देश देते हुए कहां कि मतदान संपन्न होने वाले स्थानों में बिजली पानी एवं साफ-सफाई आदि सभी व्यवस्थाएं पूर्ण एवं दुरुस्त रखी जाएं। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, थानाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, कृष्णपाल एवं विनीत बाजपेई सहित अन्य कई लोग मौजूद रहे।




# तीसरे दिन भी जारी रही विद्युत कर्मियों की हडताल

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने तीसरे दिन भी दस से पांच बजे तक कार्य बहिष्कार इं शिवम गुप्ता की अध्यक्षता में किया। संचालन उमतलाल ने करते हुए कहा कि निजीकरण एवं ऊर्जा के शीर्ष प्रबंधन की तानाशाही से कर्मचारियों के उत्पीडन से भय का माहौल बन रहा है।



गुरुवार को धुस मैदान स्थित विद्युत कार्यालय में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले सभी घटक संगठनों ने धरना प्रदर्शन किया। एसडीओ इं शिवम गुप्ता ने कहा कि ऊर्जा निगमों में शीर्ष प्रबंधन की स्वेच्छाचारिता व सेवा नियमों तथा श्रम कानूनों और मानवाधिकारों से इतर कार्य लेने से बडे पैमाने पर कर्मचारियों का उत्पीडन हो रहा है। अलोकतांत्रिक प्रयास पर तत्काल रोक लगाई जाये। उपखण्ड अधिकारी इं अनिल सिंह ने कहा कि समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को कैसलेस सुविधा दी जाये। उपखण्ड अधिकारी इं आशीष सिंह ने कहा कि विभाग में बडे पैमाने पर ईआरपी में भ्रष्टाचार किया गया है। जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। अवर अभियंता इं अनुपम कुमार ने कहा कि पूर्व की भांति पदोन्नति पद के समयबद्ध वेतनमान दिया जाये। विद्युत कर्मियों की पुरानी पेंशन चालू की जाये। शिवप्रकाश अवस्थी ने कहा कि निजीकरण के आदेश वापस लिए जायें। सहायक अभियंता इं महाकुंड ने कहा कि आउटसोर्सिंग से परिचालन एवं अनुश्रवण के आदेश निरस्त किये जायें।

कार्य बहिष्कार में इं आरएस वर्मा, इं रामचन्द्र, इं दुर्गेश कुमार सिंह, इं हमेन्द्र जाटव, इं राहुल सिंह, इं अनिल सिंह, इं विमलेश कुमार, इं आशीष सिंह, इं जितेन्द्र पटेल, इं प्रदीप गुप्ता, इं महेश कुमार, इं शैलेश प्रजापति, दिलीप शर्मा, रामआसरे, लक्ष्मीनारायण पाल, शिवसागर सिंह, विवेक कुमार, जुनैद हसन, सुशीलचन्द्र जोशी, हनीफ सौदागर, मजहर हसन, कमल कुमार, रामचन्द्र, दीनदयाल समेत तीन सौ कर्मचारी धरना प्रदर्शन में मौजूद रहे।

# ट्रेन की टक्कर से अज्ञात व्यक्ति की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**
**बांगरमऊ उन्नाव ।** प्राप्त जानकारी के अनुसार बांगरमऊ गंज मुरादाबाद के बीच एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक मृतक की कोई पहचान नहीं हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। क्षेत्रा अंतर्गत के आसपास मालगाड़ी चढ़ाई पर आगे नहीं बढ़ पा रही थी।

जिससे बालामऊ कानपुर रेलवे लाइन पर अन्य ट्रेनों के आवागमन पर कोई परेशानी न हो इसलिए कंट्रोल रूम पर बात करने के बाद बालामऊ से दूसरा इलेक्ट्रिक इंजन मंगवाया गया था। अभी इंजन बांगरमऊ गंज मुरादाबाद के बीच ओ एच आई पोल संख्या 56/5 पर पहुंचा ही था कि तभी ट्रेन के इंजन की आवाज न सुन पाने के कारण व्यक्ति उसकी चपेट में आ गया ट्रेन की आवाज आवाज मृतक व्यक्ति को सुनाई नहीं पडी और इंजन की टक्कर लगने से उसकी मौत हो गई। कुछ दूरी पर उसके जूते पड़े मिले। व्यक्ति की पहचान कराने की बहुत कोशिश की गई परन्तु उसकी पहचान नहीं हो सकी। तब पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिए मृतक के कपड़ों कद काठी से पहचान करने की कवायद शुरू की। किंतु समाचार लिखे जाने तक पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी है।



# विद्युत कर्मियों की मांगें मान खत्म करायें हडताल: विधायक

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि जिले में विद्युत कर्मियों की बेमियादी एवं कार्य बहिष्कार हडताल से क्षेत्र की जनता खासी परेशान है। जनता को परेशानी से बचाने के जल्द उपाय किये जायें।

गुरुवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि विद्युत कर्मी अपनी विभिन्न जायज मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर रहे हैं। चित्रकूट शहर के साथ ग्रामीण अंचलों में विद्युत कटौती पूर्ण रुप से बाधित है। इससे अत्यधिक लोग परेशान हो चुके हैं। दर्जनों ऐसे गांव हैं जहां कई दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप है। शहर में भी कई दिनों से विद्युत ट्रांसफार्मर और फाल्ट से समस्यायें खडी हो गई हैं। तमाम लोग पीने के पानी को मारे-मारे घूम रहे हैं। किसानों के ट्यूबवेल न चलने से पलेवा की सिंचाई को पानी नहीं मिल रहा है।



उन्होंने कहा कि विद्युत कर्मियों की जायज मांगों को मानकर उनकी हडताल खत्म कराने का कष्ट करें, ताकि विद्युत कर्मचारी वापस आकर कार्य शुरू करें। इससे जनता को विद्युत समस्याओं से निजात मिल सके। जल्द हडताल खत्म न की गई तो जनता को और ज्यादा समस्याओं का सामना करना पडेगा।

## अपर जिला जज के जिला जज होने पर दी भावभीनी विदाई

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अपर जिला जज प्रथम शाहिद रजा का तबादला कन्नौज सिटी एमए जिला जज पद पर होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।



बुधवार को देर शाम जिले में अपर जिला जज प्रथम शाहिद रजा का तबादला कन्नौज के सिटी एमए जिला जज पद पर होने पर उन्हें जिले के न्यायिक अधिकारियों व मुंसरिमों ने भावभीनी विदाई दी। वे यहां तकरीबन पांच माह तक कार्यरत रहे। उन्होंने भावभीनी विदाई के मौके पर कहा कि यहां के लोग बहुत ही सीधेसादे हैं। यहां का माहौल बहुत ही शान्तिप्रिय है। यहां के लोग उन्हें अच्छे लगे हैं। फिर कभी धार्मिक नगरी में काम करने का मौका मिला तो ये उनका सौभाग्य होगा।

उन्हें भावभीनी विदाई देने के क्रम में जिले के समस्त न्यायिक अधिकारी, मुंसरिम हीरा सिंह, स्टेनो अजय सिंह, अधिवक्ता रुद्र प्रसाद मिश्र, दुर्गा प्रसाद एड, शेषनारायण सिंह व अक्षय केशरवानी शामिल रहे।

# महिला संबंधी अपराधों पर तत्काल करें कार्यवाही: डीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कानून व्यवस्था एवं अभियोजन की बैठक में कहा कि महिला संबंधी मामलों में सुनवाई कराकर कार्यवाही कराई जाये। महिला संबंधी अपराधों पर शासन के बार-बार निर्देश आ रहे हैं कि मुकदमों को ज्यादा से ज्यादा निपटायें।

गुरुवार को कलेक्टेज्ट सभागार में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अभिषेक आनन्द ने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि ध्यान दें कि मेडिकल के लिए उम्र की समस्या हो तो समाधान निकालें। लम्बित मामलों को अलग करके उस पर कार्यवाही करायें। पाक्सो के मामलों पर जल्द कार्यवाही कराई जाये। समय से सम्मन जारी व तामील कराये जायें। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी से कहा कि पाक्सो एक्ट के मामलों में विवेचना से संबंधित अधिकारियों के कार्य की समीक्षा करें। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलायें। एसडीएम, सीओ व जिला खनिज अधिकारी, एआरटीओ से कहा कि अवैध खनन माफियाओं एवं ओवरलोडिंग के खिलाफ सघन अभियान चलायें। जो गाडियां पकडी जाती हैं। एक मजबूत प्वाइंट तैयार करायें। खनिज अधिकारी से कहा कि सभी पट्टाधारकों के साथ बैठक कर सुनिश्चित करायें कि माइनटैग सभी को अनिवार्य रुप से लगाना होगा। खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन पर भी प्रभावी कार्यवाही की जाये।



बैठक में एसपी अतुल शर्मा, एडीएम न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम सदर राजबहादुर, मऊ एसडीएम नवदीप शुक्ला, राजपुर एसडीएम प्रमोद कुमार झां, मानिकपुर एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव, जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र कुमार यादव, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह समेत शासकीय अधिवक्ता मौजूद रहे।

## डीएपी खाद की किल्लत, किसान तबाही के कगार पर

**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर क्षेत्र में डीएपी खाद न मिलने से क्षेत्रीय किसान खासे परेशान हो रहे हैं। क्षेत्र में अधिकांश किसानों के खेतों में पलेवा किया जा रहा है। तमाम किसानों के खेत गेहूं की बुवाई को तैयार पडे हैं। डीएपी खाद न मिलने से किसान परेशान हैं।

गुरुवार को मानिकपुर सोसाइटी हल्दीडांडी, ऊंचाडीह आदि सोसाइटी में डीएपी खाद न होने से क्षेत्रीय किसान खासे परेशान हैं। किसान सूरज मिश्रा, नीलकमल, किशन द्विवेदी, बबली यादव, जगन्नाथ यादव, तिजवा कोल, राजा आदि ने बताया कि खेत पलेवा के बाद बने पडे हैं। समय से खाद न मिलने से उनके खेत सूखने लगे हैं।

किसानों ने बताया कि खाद न मिलने से खेतों की बुवाई समय से नहीं कर पा रहे हैं। उनके परिवार का भरण-पोषण सिर्फ खेती से ही होता है। खाद न मिलने से वे बहुत ज्यादा परेशान हैं। किसानों ने एसडीएम मानिकपुर व जिलाधिकारी से मांग की है कि जल्द मानिकपुर क्षेत्र की सोसाइटियों में खाद उपलब्ध कराई जाये।

## हमलावरों के भय से वृद्धा परिजनों समेत शहर छोडने को मजबूर

अखंड भारत संदेश
चित्रकूट। दरवाजे पर पडी बालू न हटाने को लेकर एक वृद्ध महिला समेत बच्चों को दबंगों ने जमकर पीटा। गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के साथ शहर छोडने को मजबूर कर रहे हैं।

ये वाक्या कोतवाली कर्वी के सदर बाजार एलआईसी के सामने की रानी देवी पत्नी स्व श्यामलाल गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि 22 अक्टूबर को रात साढे आठ बजे अपनी परचून की दुकान में बैठी थी। पडोसी राजकुमार पुत्र उदितनारायण आया और कहा कि दरवाजे की पडी बालू हटा लो। उसके ये कहने पर कि लडके का निर्माण कार्य चल रहा है। इतने में राजकुमार, राधाकृष्ण, धीरु उर्फ धीरेन्द्र, नीरज, अंकुर आदि दस-12 लोगों ने हाथों में लाठी-डंडा लेकर गाली-गलौज कर वृद्धा व नाती तथा बच्चों को मारने दौडे। नाती व बच्चों ने घर के अन्दर घुसकर दरवाजा बन्द कर लिया। इससे बडी घटना टल गई। हमलावर एक घंटा तक दरवाजे पर डंडा ठोंकते रहे और गालियां देते रहे।

पीड़िता घटना की सूचना देने तत्काल कोतवाली कर्वी गई तो पुलिस ने कहा कि जांचकर रिपोर्ट लिखेंगे। आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। नतीजतन 27 अक्टूबर की शाम हमलावरों ने पुनः दरवाजे पर आकर गाली-गलौज की है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि घटना की रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की जाये। अन्यथा की दशा में वे लोग शहर छोडने को मजबूर हो जायेंगे।

# विद्युत आपूर्ति ठप होने से गेहूं की हजारों बीघा फसल नष्ट होने की कगार पर

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** इन दिनों जिले में गेहूं की बुवाई का मौसम चरम पर है। ऐसे में विद्युत कर्मियों की हडताल से विभिन्न गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप होने से किसानों में हाहाकार मचा है। विद्युत आपूर्ति जल्द बहाल न होने से हजारों बीघा की फसल नष्ट होने की कगार में है।

गुरुवार को रामनगर ब्लाक के देउंधा, राजापुर के खटवारा, रम्पुरिया, सुरवल का 25 केवीए का ट्रांसफार्मर जलने से विद्युत आपूर्ति ठप है। वहां के ग्रामीण मथुरा, भगवानदास, दिलीप कुमार, बाबू प्रसाद ने बताया कि विद्युत आपूर्ति ठप होने से गेहूं की बुवाई को पलेवा नहीं हो पा रहा है। ऐसे में फसलों के तबाह होने के पूरे आसार हैं। इसी क्रम में कर्वी तहसील के रगौली के ओंकारनाथ, छीबों के गोविन्द, पहाडी के कादरगंज, लोढवारा, परसौंजा, भैसौंधा के रामविलाश, अमरनाथ व शारदा देवी ने बताया कि विद्युत आपूर्ति ठप होने से किसानों की हजारों बीघा फसल नष्ट होने की कगार पर है।

किसानों ने बताया कि जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल न होने की दशा में किसान आन्दोलन को जिला मुख्यालय आने को बाध्य होंगे। किसानों ने कहा कि विद्युत के न होने से वह खेतों में पलेवा नहीं कर पा रहे हैं। गेहूं की बुवाई बाधित हो रही है।

## वैज्ञानिक विधि अपनाकर अधिक उपज लें किसान : गुप्ता

**अयोध्या। जानकारी** के अभाव में किसानों को उपज का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है इसलिए किसान वैज्ञानिक विधि अपनाकर अधिक उपज उक्त उद्गार पूरा बाजार ब्लाक के सभागार में किसानों को सरसों के बीज वितरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया।

उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुना करने का जो संकल्प लिया था वह फलीभूत भी हो रहा है।

## विश्व एड्स दिवस पर जानें इस बार की क्या है थीम

**कछवारोड़। विश्व** में हर साल एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इसका पूरा नाम 'एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसिएंशी सिंड्रोम' है। यह बीमारी एच आई वी( वायरस) की संक्रमण की वजह से फैलती है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य है,लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करना और इस बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों का हौसला बढ़ाना है।जिससे लोग इस खतरनाक बीमारी को मात दे सकें। विश्व एड्स दिवस 2022 की थीम है। एक्युलाइज यानी समानता। दरअसल जो लोग एड्स से पीड़ित होते हैं। उन्हें समाज में भेदभाव का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जो समाज में फैले असमंताओ को दूर कर एड्स को जड़ से खत्म करने में मदद करने के लिए जरुरी कदम बढ़ाने पर जोर देता है।जो कि लोगों को लगता है,कि यह छूआ-छूत की बीमारी है। जबकि ऐसा नहीं है। इस साल की थीम,भेदभाव को खत्म कर के हर उस व्यक्ति को सम्मान करने पर जोर दिया गया है। जो इस बीमारी से पीड़ित है, या जिन्होंने इस रोग के कारण अपनी जान गंवाई है।उसके प्रति सरकार और स्वास्थ अधिकारी,गैर सरकारी संगठन और दुनिया भर में लोग अक्सर एड्स की रोकथाम और नियंत्रण पर शिक्षा के साथ इस दिन का निरीक्षण करते है।विश्व एड्स दिवस को मनाने की शुरूआत एक दिसंबर 1988 में हुई थी। खास बात यह है कि वर्ल्ड हेल्थ डे ग्लोबल हेल्थ के लिए पहला इंटरनेशनल डे था। जिसमें हर साल यूनाइटेड नेशंस की एजेंसियां और कई देशों की सरकार मिलकर एचआईवी से जुड़ी खास थीम पर अभियान चलाते हैं। इस दिन लोगों को जागरूक करने के लिए तरह-तरह की एक्टिविटीज की जाती है।एड्स एक जानलेवा बीमारी है।इस बीमारी का अभी तक इलाज संभव नहीं हो पाया है। इस रोग को मात देने के लिए बचाव ही बेहतरीन उपाय है।

## टायर चेक कर रहे कंटेनर चालक की अज्ञात वाहन से कुचलकर दर्दनाक मौत

**कछवांरोड। क्षेत्र के ढठरा गांव** (तमाचाबाद) के पास हाईवे पर मंगलवार की देर रात रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने हाइवे के किनारे कंटेनर खड़ी कर चालक टायर चेक कर रहा था उसी समय प्रयागराज की तरफ जा रही कोई अज्ञात वाहन ने कंटेनर चालक को कुचल दिया जिससे चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसआई अमित कुमार पांडेय ने शव को कब्जे लेकर जांच पड़ताल में जुट गए।पुलिस ने बताया की कंटेनर चालक अवधेश पाल उम्र (38)वर्ष निवासी आराजी 484 जरौली फेस 2 बर्रा कानपुर नगर अपनी गाड़ी हाइवे के किनारे खड़ी कर टायर चेक कर रहा था उसी समय किसी अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच देखा तो चालक की दर्दनाक मौत हो चुकी थी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम हेतु भेज कर गाड़ी में मिले कागजात के आधार मालिक व मृतक के परिजनों को सूचित दिया।

## रेलवे ट्रैक पर मिली अधेड़ की लाश

**वाराणसी। बनारस** रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक पर गिरकर सिरतू प्रसाद (60)निवासी अतरौलिया आजमगढ़ की मौत हो गई।जो बुधवार शाम कामायनी एक्सप्रेस गुजरने के बाद लोगो ने देखा की एक व्यक्ति रेलवे ट्रैक पर गिरा पड़ा है।लोगो ने मडुआडीह थाने को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा की उस व्यक्ति की मौत हो चुकी हैं।पुलिस ने राजकीय रेलवे पुलिस को जानकारी दी।मृतक के पास से बनारस से लोकमान्य तिलक टर्मिनल तक का टिकट मिला है।

# एस.सी.एस.पी. योजनांतर्गत बीज वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**मिजार्मुराद। आचार्य** नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, द्वारा बुधवार को भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ के सहयोग से एस.सी.एस.पी. योजनांतर्गत गेन्हूँ के मिनी कीट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर नरेंद्र रघुबंशी ने किसानो का स्वागत करते केंद्र की गतिविधियों से अवगत कराया।

उन्होंने मिनीकीट के रूप में किसानो को वितरीत होने वाले गेंहू की प्रजाति उ्इह-187 के बारे में बताते हुए कहा की इसकी बुवाई दस दिसम्बर से पहले हर हाल में कर देनी चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय बीज विज्ञान संस्थान, मऊ के निदेशक डॉक्टर अरविंद नारायण सिंह ने किसानो को सम्बोधित करते हुए कहा की इस योजना से गरीब किसानो को भी बायोफॉटीफॉयिड उन्नतशील प्रजातियों के बीज का वितरण किया जा रहा।

डॉक्टर सिंह ने कहा की गेन्हू की इस प्रजाति की उपज छमता 60-65 कु. प्रति हेक्टेयर है। मंच संचालन केंद्र की गृह वैज्ञानिक डॉक्टर प्रतीक्षा सिंह ने किया। केंद्र के शस्य वैज्ञानिक डॉक्टर अमितेष सिंह ने गेन्हू की बीज उत्पादन विधी पर विस्तार से बात रखी। इस अवसर पर केंद्र के प्रसार वैज्ञानिक डॉक्टर राहुल सिंह, उद्यान वैज्ञानिक डॉक्टर मनीष पांडेय, वैज्ञानिक बीज तकनीकी श्री प्रकाश ने अपने विषय से सम्बंधित समसामयिक कृषि तकनीकी पर विस्तार से चर्चा किया । इस कार्यक्रम में केंद्र के प्रक्षेत्र प्रबंधक राणा पीयूष, अरविंद गौतम अशोक सहित सौ से अधिक किसानो ने प्रतिभाग किया।इस कार्यक्रम में जनपद वाराणसी के सौ किसानो को गेन्हू के मिनिकीट का वितरण किया गया।



# विदेश संदेश

## मैड्रिड में यूक्रेनी दूतावास में विस्फोट में एक घायल

**दक्षिण कोरिया।** मैड्रिड में यूक्रेनी दूतावास में एक छोटा धमाका हुआ, जिसकी स्पेन पुलिस जांच कर रही है। गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मीडिया को जारी एक बयान में मंत्रालय ने कहा कि पुलिस को बताया गया कि दूतावास में एक कर्मचारी पत्र




संभालते समय विस्फोट के कारण मामूली रूप से घायल हो गया। यूक्रेनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ओलेह निकोलेंको ने कहा कि मैड्रिड में दूतावास को एक लिफाफा मिला। निकोलेंको ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया, ÷जांच के दौरान, लिफाफा दूतावास के प्रबंधक के हाथ में फट गया÷,प्रबंधक को हल्की चोटें आईं, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है और आवश्यक चिकित्सा सहायता दी जा रही है। उनकी जान को कोई खतरा नहीं है।÷ उन्होंने कहा कि दूतावास के अन्य कर्मचारी सुरक्षित हैं। यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने तुरंत सभी यूक्रेनी दूतावासों की सुरक्षा कड़ी करने के आदेश दिये।

## पाकिस्?तानी सेना जनता की सेवक बने, जिन्ना के संदेश के साथ नए आर्मी चीफ को इमरान की नसीहत

**इस्लामाबाद ।** सेना प्रमुख असीम मुनीर सहित नव नियुक्त सैन्य अधिकारियों को एक संदेश देते हुए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उम्मीद जताई कि वे राष्ट्र और राज्य के बीच प्रचलित विश्वास की कमी को समाप्त करने के लिए काम करेंगे। इमरान खान ने कहा कि नए सीजेसीएससी के रूप में जनरल साहिर शमशाद मिर्जा और नए सीओएएस के रूप में जनरल सैयद असीम मुनीर को बधाई। हमें उम्मीद है कि नया नेतृत्व राष्ट्र और राज्य के बीच पिछले 8 महीनों में बने विश्वास की कमी को



समाप्त करने के लिए काम करेगा। राज्य की ताकत उसके लोगों से प्राप्त होती है।पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना को उद्धृत करते हुए इमरान खान ने कहा, यह न भूलें कि सशस्त्र बल जनता के नौकर हैं और आप राष्ट्रीय नीति नहीं बनाते हैं। इमरान ने कहा कि ये नागरिक ही हैं, जो इन मुद्दों को तय करते हैं और यह आपका कर्तव्य है कि आप जो काम तुम्हें सौंपे गए हैं, उन्हें पूरा करो। इमरान का ये बयान लेफ्टिनेंट जनरल असीम मुनीर द्वारा निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल क़मर जावेद बाजवा से कमान संभालने के एक दिन बाद आया है।

## सरकार विरोधी मिलिशिया 'ओथ कीपर्स' के संस्थापक स्टीवर्ट रोड्स को राष्ट्रपति बाइडन के चुनावी परिणाम को पलटने के लिए देशद्रोह का दोषी करार

**वाशिंगटन ।** अमेरिका की सरकार विरोधी मिलिशिया 'ओथ कीपर्स' के संस्थापक स्टीवर्ट रोड्स को राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी परिणाम को पलटने के लिए देशद्रोही साजिश रचने का दोषी करार दिया गया। यह छह जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद भवन परिसर में हुए विद्रोह की जांच में न्याय विभाग की बड़ी जीत है। वाशिंगटन डीसी की एक जूरी ने करीब दो महीने तक चले मुकदमे में रोड्स को देशद्रोह का दोषी ठहराया। रोड्स को षडयंत्र के दो अन्य आरोपों से बरी कर दिया गया था।

यह फैसला न्याय विभाग के लिए काफी अहम है और इससे अभियोजकों का राजद्रोह के अन्य चरमपंथी आरोपियों के आगामी मुकदमों में पूरे जोरशोर से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। ओथ कीपर्स के फ्लोरिडा अध्याय के नेता केली मेग्स को भी देशद्रोह का दोषी ठहराया गया है जबकि रोड्स के तीन अन्य सह-आरोपियों को आरोप मुक्त कर दिया गया है। अदालत ने सभी पांच आरोपियों को बाइडन की चुनावी जीत पर कांग्रेस के सत्यापन की आधिकारिक प्रक्रिया में बाधा डालने का दोषी पाया गया।अभियोजकों के अनुसार, छह जनवरी को ओथ कीपर्स को कैमरे में लड़ाई की तैयारी के साथ अमेरिकी संसद परिसर तथा भीड़ के बीच घुसते देखा गया था। रोड्स किसी 'जनरल' की तरह अपनी सेना को निर्देश देते हुए बाहर खड़ा था। दंगे के बाद रोड्स और ओथ कीपर्स के अन्य सदस्य जश्न मनाने के लिए ओलिव गार्डन रेस्त्रां में गए थे।

# अमेरिकी सांसद ने खोली चीन की पोल, एलएसी के पास सेना की चौकी बनाकर भारत के खिलाफ रच रहा साजिश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने दुनिया के सामने चीन के खतरनाक इरादे का खुलासा किया है। कृष्णमूर्ति ने कहा कि भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की एक नई चौकी संबंधी खबर बीजिंग की बढ़ती क्षेत्रीय आक्रामकता का एक और चिंताजनक संकेत है, जो अमेरिका द्वारा भारत और अन्य सुरक्षा साझेदारों के साथ संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता को दोहराता है। समाचार पत्र 'पॉलिटिको' ने भी दावा किया था कि चीन ने भारत के साथ अपनी विवादित सीमा के पास एक सैन्य चौकी बनाई है। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज 'चाइना पावर प्रोजेक्ट' द्वारा प्राप्त और नैटसेक डेली के साथ साझा की गई तस्वीरें दिखाती हैं कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने पैंगोंग त्सो में सैनिकों को रखने के लिए एक मुख्यालय और गैरीसन का निर्माण



किया है।

**चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का अत्याचार जारी: राजा कृष्णमूर्ति** राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी अपने पुराने ढर्रे पर चलना नहीं छोड़ा है। देश में अब भी घरेलू दमन, उइगर मुस्लिमों से क्रूर उत्पीड़न और ऑनलाइन गलत सूचना के प्रयासों में वृद्धि जारी है। इसलिए भारत से ताइवान जलडमरूमध्य तक इसके बढ़ते अंतरराष्ट्रीय सैन्य आक्रमण के संकेत भी हैं।

**चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की बढ़ती आक्रामकता का चेहरा दुनिया के सामने लाने होगा**

राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि चीन के आक्रामक महत्वाकांक्षाओं के सामने, यह अनिवार्य है कि संयुक्त राज्य अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ सुरक्षा और खुफिया सहयोग का और विस्तार करे ताकि यह स्पष्ट संदेश भेजा जा सके कि संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत, ताइवान और पूरे क्षेत्र में लोकतंत्र के साथ खड़ा है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की बढ़ती आक्रामकता का चेहरा दुनिया के सामने लाने होगा।

## अमेरिका बोला- पाकिस्तान के साथ चाहते हैं दीर्घकालिक संबंध, मुनीर के आर्मी चीफ बनने पर कही यह बात

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान में नए सेना प्रमुख असीम मुनीर ने पदभार संभाल लिया है। इस मौके पर अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ दीर्घकाल तक संबंध व सहयोग जारी रखने की मंशा जताई है। यह भी कहा कि लोकतांत्रिक पाकिस्तान अमेरिकी हितों के लिए महत्वपूर्ण है।

लेफ्टिनेंट जनरल असीम मुनीर ने औपचारिक रूप से पाकिस्तानी सेना के नए प्रमुख के रूप में कमान संभाल ली है। मुनीर के नए पाक जनरल बनने पर व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैराइन जीन-पियरे ने वॉशिंगटन में नियमित संवाददाता सम्मेलन में में उक्त बातें कहीं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव पियरे ने कहा कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ दीर्घकालिक सहयोग को महत्व




देता है। हम समृद्ध और लोकतांत्रिक पाकिस्तान को अमेरिकी हितों के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। पाकिस्तान में नए जनरल व सत्ता परिवर्तन को लेकर एक सवाल के जवाब में पियरे ने कहा कि अमेरिका पाकिस्तान और क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए उसके साथ काम करते रहने का इच्छुक है।

## मारा गया इस्लामिक स्टेट का ग्रुप कमांडर अबू अल–हसन अल–हाशिमी

**पबेरुत।** इस्लामिक स्टेट (आईएस) का ग्रुप कमांडर अबू अल-हसन अल-हाशिमी अल-कुरैशी एक लड़ाई में मारे जा चुके हैं। यह जानकारी आईएस के प्रवक्ता ने बिना अधिक विवरण दिए अपने एक ऑडियो में दी है। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि कुरैशी की मौत आईएस के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि अल-कुरैशी इस साल मारे जाने वाले ग्रुप के तीसरे नेता हैं। आईएस के प्रवक्ता अबू उमर अल-मुहाजेर ने अपना वीडियो जारी यह जानकारी उस समय दी, जब आईएस सीरिया और इराक के कुछ हिस्सों में घातक हमले करने की कोशिश कर रहा है। अल-मुहाजेर ने कहा कि अबू अल-हुसैन अल-हुसैनी अल-कुरैशी



को समूह के नए नेता के रूप में नामित किया गया था। उल्लेखनीय है कि अल-कुरैशी को अपने पूर्ववर्ती अबू इब्राहिम की मौत के बाद फरवरी में उत्तर-पश्चिम सीरिया में समूह का नेतृत्व संभाला था।

# यूरोपीय संघ ने कहा- रूस के युद्ध अपराधों की जांच करे विशेष कोर्ट

**संयुक्त राष्ट्र।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने यूक्रेन में रूस द्वारा किए गए संभावित युद्ध अपराधों की जांच करने के लिए संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक विशेष अदालत स्थापित किए जाने और युद्धग्रस्त देश के पुनर्निर्माण के लिए रूस की फ्रीज की गई संपत्ति का इस्तेमाल करने का प्रस्ताव रखा है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन देर लेयेन ने कहा कि ईयू इसके लिए वैश्विक समर्थन जुटाने के वास्ते अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। उन्होंने कहा, हम अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत के काम को समर्थन देना जारी रखेंगे। रूसी सेना पर आरोप है कि उसने 24 फरवरी को युद्ध शुरू करने के बाद से कीव के उपनगर बुका में



कई लोगों की हत्या की और मैरियूपोल के एक थिएटर में 16 मार्च की गई बमबारी में आम लोगों पर हमले किए जिसमें 600 लोगों की मौत की आशंका है। यूरोप और हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत यूक्रेन में युद्ध के दौरान किए गए सैन्य अपराधों की जांच कर रही है। यूक्रेन की प्रथम महिला ओलेना जेलेंस्की ने भी अपील की कि यूक्रेन में आक्रमणकारियों को जवाबदेह बनाया जाए। लेयेन ने कहा कि ईयू चाहता है कि प्रतिबंधों के तहत फ्रीज की गई रूसी संपत्ति का इस्तेमाल पड़ोसी यूक्रेन में हुए विनाश के भुगतान के लिए किया जाए। उन्होंने अनुमान जताया कि यूक्रेन में 600 अरब यूरो का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि रूस भुगतान करे।

**इस साल के अंत तक रूस गवांएगा अपने एक लाख सैनिक : जेलेंस्की**

**कीव।** रूस के साथ जारी जंग के बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अहम बयान दिया है। जेलेंस्की ने रूसी सैनिकों को होने वाले भारी नुकसान को लेकर आगाह किया है। उन्होंने कहा कि इस साल के अंत तक रूस अपने एक लाख सैनिकों को गंवा देगा। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने देश को वीडियो के जरिये संबोधित करते हुए यह भी कहा कि अग्रिम मोर्चे पर हालात बहुत ही कठिन हैं।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में सुरक्षाकर्मियों के ट्रक पर आत्मघाती धमाका, तीन मरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा शहर में सुरक्षा कर्मियों के ट्रक पर आत्मघाती धमाका किया गया। हमले में तीन लोगों की मौत हो गयी और 20 सुरक्षाकर्मियों सहित 28 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने ली है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बलूचिस्तान प्रांत स्थित पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी शहर क्वेटा में बुधवार सुबह सुरक्षा कर्मियों के ट्रक को निशाना बनाकर आत्मघाती धमाका किया गया। पुलिस अधिकारी अब्दुल हक के मुताबिक धमाके में घायल हुए लोगों को क्वेटा के सिविल अस्पताल ले जाया गया है। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका भी है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री अब्दुल कुद्दुस बिजेन्जो ने इस



हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि घटना में शामिल लोगों को कड़ी सजा दी जाएगी। आत्मघाती हमले के शिकार ट्रक में बलूचिस्तान में पोलियो टीकाकरण अभियान में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस अधिकारियों को ले जाया जा रहा था। क्वेटा के पुलिस उप महानिरीक्षक गुलाम अजफर महेसर के मुताबिक सुरक्षाकर्मियों के ट्रक पर आत्मघाती हमला क्वेटा के बलेली इलाके में हुआ। ट्रक को निशाना बनाकर किये गए आत्मघाती धमाके के कारण ट्रक का संतुलन बिगड़ा और वह एक खाई में जा गिरा। उन्होंने बताया कि विस्फोट के लिए कम से कम 25 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किये जाने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि यह आत्मघाती हमला था, क्योंकि घटना स्थल के पास एक आत्मघाती हमलावर के अवशेष मिले हैं। हमले में नागरिकों के साथ बीस पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। कुछ पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस हमले को आतंकियों द्वारा सुरक्षा कर्मियों को चुनौती और आतंकियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का जवाब माना जा रहा है। एक दिन पहले ही सुरक्षाकर्मियों ने बलूचिस्तान में 11 आतंकियों को मार गिराने का दावा किया था।

## क्लाइमेट एक्टिविस्ट्स ने 900 कारों के टायर पंचर किए: बोले- कारों से कार्बन एमिशन बढ़ रहा, ये क्लाइमेट के लिए खतरा

**लंदन।** दुनिया के 8 देशों में 'द टायर एक्सटिंग्विशर' नाम के क्लाइमेट एक्टिविस्ट ग्रुप ने अनोखा प्रदर्शन किया। एक्टिविस्ट ने करीब 900 कारों के टायर पंचर कर दिए। इनका मकसद एक ही था- लोगों का क्लाइमेट चेंज (जलवायु परिवर्तन) की ओर ध्यान खींचना। 'द गार्डियन' की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के न्यूयॉर्क, नीदरलैंड के एम्स्टर्डम और एनस्किडे, फ्रांस के पेरिस और ल्योन, जर्मनी के बर्लिन, बॉन, एसेन, हनोवर और सारब्रुकन, ब्रिटेन के ब्रिस्टल, लीड्स, लंदन और डुंडी, स्वीडन के माल्मो, ऑस्ट्रिया में इन्सब्रुक, ज्यूरिख और स्विट्जरलैंड के विंटरथुर में प्रदर्शन हुए। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'द टायर एक्सटिंग्विशर' ने मार्च 2022 से अब तक करीब 10 हजार फोर व्हीलर्स के टायर पंचर किए हैं। एक्टिविस्ट्स का कहना है कि शहरों में कारों की संख्या बढ़ती जा रही है।

# उत्तरी अफगानिस्तान के मदरसे में भीषण विस्फोट, 18 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में विस्फोट का सिलसिला थम नहीं रहा है। उत्तरी अफगानिस्तान के एक मदरसे में भीषण विस्फोट हुआ। इस विस्फोट की चपेट में आने से 18 लोगों की मौत हो गयी और कम से कम 36 लोग घायल हो गए। घायलों में कई अत्यधिक गंभीर हैं, इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उत्तरी अफगानिस्तान के सामनगन

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

लाशें बिछी हुई थीं। प्राथमिक जानकारी के अनुसार वहां 18 लोगों की मौत मौके पर ही हो गयी। बड़ी संख्या में लोग जख्मी



भी हुए हैं। जख्मी हालत में 36 लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में कई लोग अत्यधिक गंभीर बताए जा रहे हैं। अधिकारियों व चिकित्सकों का कहना है कि इनमें से कुछ और लोगों की मृत्यु हो सकती है, इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अन्य घायलों में कुछ ऐसे हैं, जो यदि ठीक भी हो गए तो जीवन भर विकलांगता का दंश झेलने को विवश होंगे।

अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों के प्रवक्ता अब्दुल नफी टकोर ने बताया कि विस्फोट में मरने वालों में ज्यादातर मदरसे के छात्र थे। धमाके की सूचना के बाद उनके परिजन मदरसे में पहुंचे तो वहां चीख-पुकार का आलम मचा हुआ था।

अभी तक इस धमाके की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है किन्तु माना जा रहा है कि यह धमाका भी इस्लामिक स्टेट की स्थानीय इकाई द्वारा अंजाम दिया गया होगा। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता संभालने के बाद से लगातार वहां धमाके हो रहे हैं, जिन्हें इस्लामिक स्टेट का स्थानीय मॉड्यूल ही अंजाम दे रहा है।

## राष्ट्रपति बाइडन जी20 में होंगे शामिल, जीन पियरे ने कहा- वैश्विक अर्थव्यवस्था के सुधार लिए हम तैयार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन वैश्विक अर्थव्यवस्था के निर्माण के प्रयासों को जारी रखते हुए वर्तमान खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा चुनौतियों सहित भारत की जी20 अध्यक्षता का समर्थन करने के लिए तत्पर हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव काराइन जीन पियरे ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन जी20 में शामिल होंगे।

**जी20 की अध्यक्षता करेगा भारत**

भारत इस साल जी20 देशों की अध्यक्षता करेगा। एक दिसंबर को औपचारिक रूप से भारत जी20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। इस अवसर पर देश भर में 100 से अधिक स्मारकों पर त20 लोगो को दिखाया जाएगा। इसके लिए विशेष तैयारियां भी गई हैं। सत्रों ने बताया कि अध्यक्षता ग्रहण करने के बाद जी20 शिखर सम्मेलन तक देश भर के 50 शहरों में 200 से अधिक बैठकों




की योजना बनाई गई है।

**पीएम मोदी ने किया था लॉन्च**

जी20 की अध्यक्षता का एलान होने के बाद पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जी20 के नए लोगो-थीम और वेबसाइट का अनावरण किया था। इस मौके पर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि त-20 का ये स्भ्द्श केवल एक प्रतीक चिन्ह नहीं है बल्कि ये एक संदेश है। ये एक भावना है, जो हमारी रगों में है। ये एक संकल्प है, जो हमारी सोच में शामिल रहा है। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि एक दिसंबर से भारत त20 की अध्यक्षता करेगा। भारत के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है इसलिए आज इस समिट की वेबसाइट, थीम और लोगो को लांच किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

**सबसे बड़ा आयोजन बनाने की मुहिम**

मंत्रालय के मुताबिक कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है। भारत जिस बड़े पैमाने पर सम्मेलन के आयोजन की रूपरेखा तैयार कर रहा है उतने बड़े पैमाने पर अब तक जी-20 की बैठक नहीं हुई है। चीन में 14 और इंडोनेशिया में 25 शहरों में जी-20 की बैठक आयोजित हुई थीं।

# कैट ने रिजर्व बैंक के रिटेल डिजिटल रुपये का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने गुरुवार को खुदरा स्तर पर उपयोग के लिए रिटेल डिजिटल रुपया लॉन्च किया। आरबीआई के इस कदम का कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने स्वागत किया है।रिजर्व बैंक के रिटेल डिजिटल रुपया की खरीदारी फिलहाल चार प्रमुख बैंकों, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से की सकेगी। खुदरा स्तर पर डिजिटल मुद्रा की शुरूआत का कैट ने स्वागत करते हुए कहा कि जल्द ही कारोबार में भुगतान के लिए इसको अपनाने और स्वीकार करने के लिए देशभर के व्यापारिक समुदाय के बीच एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करेगा।कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा की डिजिटल रुपया भारत में व्यापार और वाणिज्य में भुगतान के परिदृश्य को बदल देगा। खंडेलवाल ने कहा कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को जमीनी स्तर से बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था उपभोग पर आधारित है, जिसमे खुदरा विक्रेता और उपभोक्ता राजा हैं। खंडेलवाल ने कहा कि डिजिटल मुद्रा डिजिटल इंडिया की स्वीकार्यता के प्रसार में मदद करेगी। खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत बड़ी है, लेकिन खुदरा स्तर पर नकद मुद्रा के उपयोग के कारण व्यापार में कैश करेंसी का एक बड़ा हिस्सा है जो बेहिसाब रह जाता है। डिजिटल मुद्रा की शुरूआत होने से प्रत्येक लेन-देन आरबीआई की पुस्तकों और भारत सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। हम दुनिया की सबसे बड़ी घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में सक्षम होंगे। हमारे देश में खुदरा बाजार का सटीक आकार रिकॉर्ड किए गए लेन-देन से प्रमाणित होगा।